हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**भारत के कुश मैनी ने फॉर्मूला 2 कंस्ट्रेक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास**

देश

**भारत दर्शन यात्रा पर उत्तराखंड की विशिष्टता के बारे में बताएं मेधावी छात्र –छात्राएं...**



शुक्ल पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 10 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 03 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 77,780 | ₹92,000 |

## आज का इतिहास

- 1878 : भारत के अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी का जन्म हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### ईओयू ने बीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा अभ्यर्थियों के लिए जारी की एडवाइजरी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से 13 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली 70वीं संयुक्त परीक्षा को लेकर जारी घमासान के बीच आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने अभ्यर्थियों को लिए एक एडवाइजरी जारी की है। ईओयू ने सोमवार को यहां जारी एडवाइजरी में कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया द्वारा परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाई जा रही है कि परीक्षा रद्द हो गई है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा

# ‘बीमा सखी योजना’ से महिलाओं को रोजगार और सशक्तिकरण का नया अवसर : पीएम

» हर चीज को वोटबैंक की तराजू पर तोलने वाले परेशान » नारी शक्तिः भारत की आर्थिक ताकत

- देशभर में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं।
- इन समूहों को बीते 10 वर्षों में 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी गई।
- जनधन योजना के तहत 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के बैंक खाते खोले गए, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता मिली।



**निज संवाददाता | पानीपत (हरियाणा)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तोलने वाले लोग बहुत परेशान हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है। श्री मोदी ने यहां भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि हरियाणा ने एक है तो सेफ है के मंत्र को अपनाकर पूरे देश में नया उदाहरण पेश किया है और अब दूसरे राज्य के लोग भी इसका अनुसरण करने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि अब तक हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तोलने वाले लोग बहुत परेशान हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है। जिन लोगों ने माताओं-बहनों को सिर्फ वोट बैंक समझा, वो इस मजबूत रिश्ते को समझ भी नहीं पाएंगे। उन्होंने अपने पहले के दो कार्यकालों में महिलाओं के हित में लिए गए निर्णयों और उनके लिए शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश भर की 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उनसे जुड़कर महिलाओं की कमाई हो रही है। बीते 10 वर्ष में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी गई है। उन्होंने कहा कि मैं देशभर में स्वयं सहायता समूह की बहनों को भी कहूंगा आपकी भूमिका असाधारण है, आपका योगदान बहुत बड़ा है। आप सभी भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में जुटी हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरु हो रहा है यानी जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वो वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है। आजादी के 60-65 साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे, यानी महिलाएं बैंकिंग सुविधाओं से कटी हुई थीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। आज मुझे गर्व है कि जनधन योजना से 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खुले हैं। नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। जब नारी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो वो देश के सामने अवसरों के नए द्वार खोल देती हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक देश में ऐसे अनेक काम थे जो महिलाओं के लिए वर्जित थे। भाजपा की सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है। उन्होंने कहा कि अभी यहां (पानीपत) देश की बहनों-बेटियों को रोजगार देने वाली ‘बीमा सखी योजना’ का शुभारंभ किया गया है। मैं देश की सभी बहनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ’ से ‘बीमा सखी’ तक का सफर

प्रधानमंत्री ने याद किया कि 10 साल पहले पानीपत से ही ’बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ’ अभियान की शुरुआत हुई थी, जिसने हरियाणा और पूरे देश में सकारात्मक बदलाव लाए। अब उसी धरती से ’बीमा सखी योजना’ का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बताया।

---

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक

# किसानों के अधिकारों की रक्षा पर जोर, ई-केवाईसी एवं धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का दिया निर्देश

**निज संवाददाता | पटना**

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता विभाग के सचिव ने की। इस बैठक में सारण, तिरहुत, दरभंगा, कोशी और पूर्णिया प्रमंडलों के सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक, और जिला सहकारिता पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया में तेजी लाना, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का अधिकतम लाभ पहुंचाना, और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्य में सुधार करना था। बैठक में सचिव ने जोर देकर कहा कि धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाए। राज्य के विभिन्न प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) और व्यापार मंडलों द्वारा अब तक 19,698 किसानों से 1,57,786 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई है। हालांकि, सचिव ने इसे अपर्याप्त मानते हुए कहा कि किसानों को एमएसपी का लाभ देने के लिए अधिक से अधिक धान खरीदा जाना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे किसानों को प्रोत्साहित करें और इस बात को सुनिश्चित करें कि कोई भी किसान अपने उत्पाद को एमएसपी पर बेचने से वंचित न रहे। सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को यह जानकारी दी जानी चाहिए कि पैक्स और व्यापार मंडल में धान बेचने से उन्हें उचित मूल्य मिलेगा। इसके अलावा, धान की बिक्री के बाद किसानों को समय पर भुगतान करना सुनिश्चित करने के भी सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी कितनी आवश्यक है। सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित करें और उनके सहयोग से किसानों की समस्याओं को दूर करें। इससे न केवल किसानों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में भी गति आएगी।

धान अधिप्राप्ति के साथ-साथ खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को भी दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न उठाव का कार्य हर महीने की 20 तारीख से पहले पूरा हो जाना चाहिए।

## संजय मल्होत्रा होंगे आरबीआई के नए गवर्नर, 11 दिसंबर को संभालेंगे कार्यभार



**नई दिल्ली (ए.)।** संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे। केंद्रीय कैबिनेट ने सोमवार को नए गवर्नर के रूप में उनके नाम को मंजूरी दी। वह मौजूदा गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। जानकारी के मुताबिक संजय बुधवार, 11 दिसंबर को नए गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। बता दें कि संजय 1990 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनकी नियुक्ति 3 साल के लिए हुई है। वर्तमान में वह रेवेन्यू सचिव का पदभार संभाल रहे हैं। संजय मल्होत्रा, 1990 बैच के राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी कानपुर से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग की है। वहीं अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। अपने 33 वर्षों से अधिक के करियर में संजय मल्होत्रा ने पॉनर, फाइनेंस और टैक्सेशन, आईटी, माइनिंग समेत विभिन्न क्षेत्रों में अहम योगदान दिया है। वर्तमान में वे वित्त मंत्रालय में सचिव (राजस्व) हैं। अपने पिछले कार्यभार में, उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग में सचिव का पद संभाला था।



## संक्षिप्त समाचार

### रक्तदान शिविर में 20 ने किया ब्लड डोनेट

**गया।** शहर के रामसागर रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित दीया रक्त अग्रदूत के बैनर तले ब्लड डोनेशन कैंप लगा। उद्घाटन गायत्री परिवार की वरिष्ठ कार्यकर्ता निर्जला देवी व दिनेश प्रसाद ने किया। मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि रक्तदान शिविर में 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मौके पर राजेश कुमार, अरविंद कुमार, अरुण कुमार, रितेश आनंद, आर्यन कुमार, कुमार आशीष, रघुनाथ खत्री, अमरनाथ खत्री, आलोक मिश्रा, रविकांत प्रसाद, सन्नी कुमार, पुरुषोत्तम कौशिक आदि मौजूद थे।

### सड़कों के अनियमित वर्गीकरण को जल्द कराएंगे ठीक : डॉ. प्रेम

**गया।** प्रखंड के भुरकुंडा गांव स्थित महादलित टोला में बिजली विभाग द्वारा सभी का बिजली कनेक्शन काट दिया। इससे पूरा महादलित टोला अंधेरे में डूबा है। इसे लेकर रविवार को भाकपा माले द्वारा बैठक की गई। बैठक के दौरान यह बात सामने आई कि दलितों को ट्रांसफॉर्मर से बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। इससे पूरा दलित टोला चार दिनों से अंधकार में डूबा है। पूरा गांव मोमबत्ती की रोशनी में जीने को विवश है। मौके पर राम लखन प्रसाद, चंदू मांझी, राम किसुन मांझी, सरस्वती देवी, मनवा देवी सहित अन्य उपस्थित थे। गया शहर के सर्किट हाउस में रविवार की शाम सेन्ट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, आईएमए व अन्य संगठनों के सदस्यों की एक बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार व गया नगर निगम के आयुक्त कुमार अनुराग शामिल हुए। संगठन के प्रतिनिधियों ने मंत्री व अधिकारी के समक्ष एक बार पुनः अप्रत्याशित भवन कर व सड़कों के अनियमित वर्गीकरण के प्रति ध्यान आकृष्ट कराया, साथ ही चैंबर द्वारा किए गए अब तक के प्रयासों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। सदस्यों ने मंत्री व नगर आयुक्त को पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए आगे की कार्रवाई कर जल्द से जल्द इस मामले के निष्पादन की मांग की। सर्वप्रथम आईएमए अध्यक्ष डॉ.सीएल नारायण ने नर्सिंग होम में कर बढ़ोतरी से संबंधित परेशानियों से मंत्री को अवगत कराया। वहीं वार्ड पार्षद राहुल शर्मा ने सड़कों के वर्गीकरण के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी और कहा कि निगम बोर्ड से पास कर पूर्व नगर आयुक्त द्वारा पत्र भेजा गया है जो अभी तक लंबित है। इस पर मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि वे जल्द ही नगर विकास मंत्री नितिन नवीन से बात करेंगे और जल्द से जल्द कार्यवाही शुरू कराने की मांग करेंगे। इस मौके पर चैंबर के संरक्षक कौशलेंद्र प्रताप, अध्यक्ष वीपेंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अनूप केडिया, प्रेम नारायण पटवा, सुनील कुमार, प्रमोद भदानी, राजेश झुनझुनवाला आदि मौजूद थे।

### अतिसंवेदनशील जगह पर लगी बाइकों का काटा गया चालान

**बोधगया।** महाबोधि मंदिर के बाहरी परिसर में बाइक लगाने वाले 30 से अधिक लोगों का रविवार को ऑनलाइन चालान काटा गया है। इस सम्बन्ध में एएसआई पंकज कुमार ने बताया कि बीटीएमसी गोलम्बर के पास किसी तरह का वाहन लगाना मना है। इस जगह को बम मिलने के बाद से ही अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। इस जगह पर प्रशासन, पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगती है। रविवार की देर शाम को मंदिर के बाहरी परिसर में कई बाइक लगाकर लोग कही चले गये थे। जिस करण यातायात व्यवस्था में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। काफी देर तक चालक नहीं मिलने पर 30 से ऊपर बाइक पर 500 रुपए का ऑनलाइन फाइन किया गया है।

### घर में लगी आग से अनाज, कपड़े व मोबाइल जल गए

**करायपरसुराय।** थाना क्षेत्र के जोल बिगहा गांव में एक घर में आग लगने से पीड़ित परिवार को काफी नुकसान हुआ है। घटना रविवार को हुई जब घर की मालकिन रजिया देवी मजदूरी करने खेत में गई थीं। आग लगने की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए मदद की, लेकिन तब तक घर में रखा अनाज, कपड़े, मोबाइल और अन्य सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ित रजिया देवी ने बताया कि उनके पति विनोद मिस्त्री की एक वर्ष पूर्व लू लगने से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से वह मजदूरी कर अपने तीनों बच्चों का पालन-पोषण कर रही थीं। अब इन लोगों के उपर रहने, खाने के लिए नई आफत आ गई है।

### बुआई के लिए किसानों के बीच उर्वरक वितरण

**बिहारशरीफ।** सरबहदी पंचायत पैक्स में रबी फसलों की बुआई के लिए किसानों के बीच उर्वरक का वितरण किया गया। पैक्स अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार चन्द्रा ने बताया कि रबी फसल की बुआई का समय 15 नवंबर से 31 दिसंबर तक रहता है। इस अवधि में किसानों को फसलों की बुआई के लिए उर्वरक की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। जिसके लिए पैक्स प्रबंधन द्वारा वर्ष 2009 से निरंतर कार्य किया जा रहा है। रबी फसलों की बुआई के लिए इस वर्ष 900 बैंग यूरिया, 700 बैंग डीएपी, 300 बैंग एपीएस, 168 बोतल तरल नैनो डीएपी, 168 बोतल तरल नैनो यूरिया उर्वरक उपलब्ध कराया गया है। जिसे किसानों के बीच वितरण किया।

### एनएच 20 पर हाइवा की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की हो गई मौत

**रहुई।** भागन बिगहा ओपी अंतर्गत मोरा पचासा गांव के समीप एनएच 20 पर रविवार की सुबह हाइवा की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। घटना के बाद चालक, हाइवा छोड़कर फरार हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि ईंट लोड ट्रैक्टर का परखच्चा उड़ गया। लोड ईंट सड़क पर बिखर जाने के कारण कुछ देर के लिए स्वतः जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ईंट हटवाकर यातायात सुचारू कराया। घंटों बाद मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के रहमानपुर गांव निवासी 26 वर्षीय विपिन कुमार के रूप में हुई। ग्रामीणों की मानें तो ट्रैक्टर रांग साइड से जा रहा था। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर जोरदार था। इस कारण घटनास्थल पर ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसा के बाद हाइवा छोड़ उसका चालक-खलासी फरार हो गया। ट्रैक्टर पर ईंट लोड था। जो दुर्घटना के कारण सड़क पर बिखर गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि वाहनों को जब्त कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

### अचानक तबीयत बिगड़ने से शिक्षिका की हुई मौत

**थरथरी।** प्रखंड क्षेत्र के गंजपर निवासी शिक्षिका मनीला कुमारी की रात में ज्यादा तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी। मृतक के परिजन ने बताया कि शनिवार की रात शिक्षिका की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल बिहारशरीफ में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मनीला कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय लखाचक में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। परिजन ने बताया कि कई दिनों से तबीयत खराब चल रहा था। 10 दिसम्बर को बच्ची की शादी थी। बेटी की शादी के पहले ही मां की अर्थी निकलने से घर में मातम पसर गया है। गम में ग्रामीणों ने मृतिका के परिजनों को ढ़ाढस बंधा रहे थे । इस घटना पर घर से लेकर बाहर सभी गमजदा है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर जदयू की बैठक

**थरथरी।** जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर प्रखंड के अस्ता उच्च विद्यालय में जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने किया। बैठक में हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, हिलसा विधानसभा प्रभारी राहुल खंडेलवाल, प्रो. सुरेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक ने कहा कि 15 दिसंबर को जदयू का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन प्रस्तावित है। जिला कार्यकारिणी व प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की सफलता की रणनीति बनायी गयी। बूथ स्तर से प्रखंड स्तर तक बैठक करने का निर्णय लिया गया है। राहुल खंडेलवाल ने बताया कि हर पंचायतों से कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायतों में बैठक होगी। प्रो. सुरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को अपने नेताओं की बात को सुनने का मौका मिलेगा। जिससे उनके बीच नई ऊर्जा का संचार होगा और कार्यकर्ता जन जन तक सरकार के कार्यों का प्रसार-प्रचार करेंगे। बैठक में आनंद मोहन, युगेश्वर कुमार, अनिल कुमार, संजय सिंह, शैलेन्द्र दुबे, रामजी प्रसाद, शैलेन्द्र प्रसाद शामिल थे।

# रात 9 बजे से सुबह तक आनंद पथ बंद रहेगा

## दिन में रोड वन-वे, नालंदा में मछली मंडी के पास सड़क निर्माण को लेकर बदलाव

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार शरीफ शहर के विकास कार्य को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। स्मार्ट सिटी के एमडी ने आनंद पथ पर यातायात को वन-वे बनाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मछली मंडी के पास चल रहे सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए लिया गया है। इस नए नियम के अनुसार, रात 9 बजे से सुबह तक आनंद पथ को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। ताकि निर्माण कार्य निर्बाध रूप से चल सके। दिन के समय, यातायात को वन-वे किया गया है। रामचंद्रपुर से आने वाले वाहन आनंद पथ का उपयोग कर सकेंगे, जबकि रामचंद्रपुर जाने के लिए लोगों को रांची रोड का उपयोग करना होगा। यातायात पुलिस को इस नए प्लान पर सख्ती से अमल करने का निर्देश दिया गया है।

**30 मीटर सड़क का निर्माणः** मछली मंडी के पास महज 30 मीटर सड़क का निर्माण कार्य बाकी है। इस छोटे से हिस्से के निर्माण में देरी होने से पूरे आनंद पथ का विकास कार्य प्रभावित हो रहा था। इसीलिए, निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। और 30 दिसंबर तक पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है। शहरवासियों से अपील की गई है कि वे इस विकास कार्य में सहयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें। यह निर्णय शहर के विकास के लिए लिया गया है और इससे सभी को फायदा होगा। स्मार्ट सिटी के एमडी ने कहा कि इस निर्णय से लोगों को कुछ असुविधा हो सकती है, लेकिन यह केवल अस्थायी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा और लोगों को एक बेहतर सड़क उपलब्ध कराई जाएगी।

# नालंदा में जमीन के लिए फायरिंग, एक घायल

निज संवाददाता। नालंदा



♦ गोली चलाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी के पास से कट्टा और कारतूस बरामद

नालंदा जिले के चेरो थाना क्षेत्र के खरुआरा गांव में भूमि विवाद में फायरिंग हो गई। जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लोडेड कट्टा, एक रिवॉल्वर और कई कारतूस बरामद किए हैं। बताया जा रहा कि रविवार को चेरो थाना को सूचना मिली कि खरूआरा गांव में फायरिंग हुई है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे। देखा कि कल्लू सिंह नामक व्यक्ति ने अपनी पुरानी दुश्मनी के चलते उदय कुमार सिंह पर गोली चला दी है। घटना के बाद कल्लू सिंह फरार हो गया था।

**गिरफ्तारी के लिए टीम का गठनः** पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने 2 घंटे के अंदर ही आरोपी कल्लू सिंह को सशस्त्र बल की मदद से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल था लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है। फिलहाल इलाके में शांति का माहौल है। उदय कुमार का गांव के ही कुछ लोगों के साथ 3 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। न्यायालय ने जमीन का मालिकाना हक उदय सिंह के पक्ष में दिया है। बावजूद गांव के कुछ लोगों ने जबरन भूमि को कब्जा करने को लेकर गोलीबारी की गई।

# बदमाशों ने चौकीदार को गोली मारकर किया घायल

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बीती रात करीब 2 बजे बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात रहुई थाना के चौकीदार को गोली मार जख्मी कर दिया। जख्मी चौकीदार सोसन्दी गांव निवासी (35) वर्षीय अलखदेव पासवान है। सहकर्मी दिलीप पासवान ने बताया वो कि अलख देव पासवान के साथ बाजार में पैदल गश्त कर रहे थे। ठंड बढ़ने की वजह से वो बाजार में एक स्थल पर आग जलाकर ठंड दूर कर रहे थे। इसी बीच पंजाब नेशनल बैंक के समीप कुछ लोगों की हरकत दिखाई दी। पूछने पर वहां मौजूद लोग भागने लगे। जब उनका पीछा किया गया तो दो बदमाश सकरी गली से फरार हो गया।

**कैसे दिया घटना को अंजामः** आगे बताया कि तीसरा बदमाश उसी गली में अटक गया और खुद को घिरता हुआ पाकर उनपर गोली चला दी। गोली अलख देव पासवान के कान के नीचे लग गई। वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। घटनाक्रम देख वह नर्वस हो गए और इसी बीच तीनों बदमाश मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में इसकी सूचना थाना अध्यक्ष को दी गई। मौके पर पहुंची रहुई पुलिस ने जख्मी चौकीदार को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया है। फिलहाल जख्मी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिवार वाले भी पटना पहुंचे हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे।

## नालंदा में शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

# प्रधान शिक्षकों की 9 दिसंबर और हाई स्कूल प्रधानाध्यपकों की 12 दिसंबर से होगी काउंसिलिंग

निज संवाददाता। नालंदा




बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की ओर से अनुशंसित प्रधान शिक्षकों और हाई स्कूलों में प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया 9 दिसंबर से शुरू हो रही है। नालन्दा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) में स्थापित सात काउंटरों पर अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की जाएगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार ने बताया कि जिले में 1336 प्राथमिक विद्यालय और 282 हाई स्कूल संचालित हैं। इन सभी विद्यालयों में शिक्षकों और प्रधानाध्यापक की नियुक्ति से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। प्रत्येक काउंटर पर प्रतिदिन 50 से 60 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की जाएगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने जिलाधिकारी शशांक शुभंकर को पत्र लिखकर काउंसिलिंग स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए कहा है। काउंसिलिंग के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति न हो, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, परीक्षा का प्रवेश पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे। शिक्षा विभाग ने अभ्यर्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। काउंसिलिंग में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से लाने होंगे।

**काउंसिलिंग की समय सारिणीः** पहला स्लॉट सुबह 9:00 से 10:30, दूसरा स्लॉट10:30 से 12:00, तीसरा स्लॉट 12:00 से 1:30, चौथा स्लॉट दोपहर 2:00 से 3:30, पांचवा स्लॉट 3:30 से 5:00 बजे तक। प्रधान शिक्षकों की काउंसिलिंग 9 से 13 दिसंबर, हाई स्कूल प्रधानाध्यापकों की काउंसिलिंग 12 से 13 दिसंबर तक होगी।

# पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले में पुलिस प्रशासन में बड़े स्तर पर फेरबदल किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ने एक आदेश जारी कर कई थानाध्यक्षों और पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। तबादले के पीछे प्रशासनिक कारण बताए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, अनिल कुमार पाण्डेय, चंदन कुमार, मुकेश कुमार तिवारी, रामशंकर सिंह, संजय पासवान, लक्ष्मी भारती, संजीव कुमार सिंह, रौशन कुमार और बबन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इन सभी अधिकारियों को नए पदों पर तैनात किया गया है। तबादले को पुलिस महानिरीक्षक, केन्द्रीय क्षेत्र पटना ने मंजूरी दी है। अनिल कुमार पांडे को इस्लामपुर थाना अध्यक्ष बनाया गया है। चंदन कुमार को बिन्द अध्यक्ष, मुकेश कुमार तिवारी को अंचल निरीक्षक हिलसा, रमाशंकर सिंह को अंचल निरीक्षक नूरसराय, संजय पासवान को अंचल निरीक्षक इस्लामपुर बनाया गया है। लक्ष्मी भारती को थाना अध्यक्ष चिकसौरा बनाया गया है। संजीव कुमार सिंह,रोशन कुमार और बबन कुमार को पुलिस केंद्र नालंदा भेजा गया है।

**नियमों का पालन करना होगाः** जिला पुलिस अधीक्षक ने इस तबादले को प्रशासनिक दृष्टिकोण से लिया गया कदम बताया है। उनका कहना है कि इस तबादले से पुलिस प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार होगा और कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। नए पद पर तैनात होने वाले सभी अधिकारियों को कुछ नियमों का पालन करना होगा। इन नियमों में महिलाओं से दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार, हिरासत में हिंसा आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। जो भी अधिकारी इन नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मेट्रो और सड़कों पर डॉ. विश्वनाथ यादव की बयानबाजी

निज संवाददाता। गया

गया के बेलागंज विधानसभा उपचुनाव के राजद प्रत्याशी डॉ. विश्वनाथ यादव ने बेलागंज की नवनिर्वाचित एमएलए की ओर से गया से बेलागंज तक मेट्रो ट्रेन चलाने की मांग को भ्रामक करार दिया है। इसके अलावा वर्तमान विधायक पर उनके पिता के कार्यकाल की योजनाओं का श्रेय लेने का भी आरोप लगाया है।

वहीं, चुनाव परिणाम को लेकर प्रशासन पर भी सवाल खड़े किया है। डॉ. विश्वनाथ यादव ने अपनी हार का ठीकरा सरकार पर फोड़ते हुए कहा कि उनके आदमियों को पकड़ा गया जिससे मेरा चुनाव प्रभावित हुआ। अपने पिता पूर्व विधायक सुरेंद्र यादव के कार्यकाल में जो सड़के नहीं बन सकीं उन सड़कों को उपचुनाव से पूर्व बनाए जाने के लिए चयनित होने की दावा करने में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि मतदान के दिन उनके समर्थकों को परेशान किया गया और चुनाव प्रभावित हुआ। आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक पहले की की योजनाओं को नई बताकर श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री की यात्रा पर आरसीपी सिंह का तंज, कहा- हमेशा तो CM दौरे पर रहते, उनको बिहार की सारी समस्या पता

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा पर तंज कसा। सोमवार को उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री को भला यात्रा करने की क्या जरूरत है? यात्रा तो लोग कभी-कभी करते हैं और नीतीश बाबू इतने सालों से बिहार में सीएम हैं। महिलाओं के लिए उन्होंने काम किया है, लेकिन जो उन्होंने काम किया, उसे और भी जानने और करने की गुंजाइश है। मुख्यमंत्री तो हमेशा दौरे पर रहते हैं। दौरा तो अंजान लोग करते हैं। कहा कि अधिकारियों से जिले के विकास को लेकर समीक्षात्मक बैठक भी करते हैं। मुख्यमंत्री का तो निर्णय लेना काम है। यात्रा पर तो वो लोग जाते हैं, जिन्हें कुछ पता नहीं हो। कहा कि आप 20-20 साल से बिहार के मुख्यमंत्री हैं, आपको यात्रा की क्या जरूरत है। कैसे बिहार में प्रति व्यक्ति आय बढ़े, कैसे महिलाओं को ज्यादा रोजगार मिले, कैसे महिलाओं को और सशक्तिकरण हो। उन्होंने अगर बहुत कुछ किया है, तो इसके आगे और भी बहुत कुछ करने की गुंजाइश है। यात्रा करने से क्या लाभ होगा, कौन सी ऐसी समस्या है जिसे मुख्यमंत्री नहीं जानते हैं।

**पार्टी की स्थापना को 6 हफ्ते पूरेः** आरसीपी सिंह अस्थावां प्रखंड के मुस्तफ़ापुर गांव स्थित गिरजा धाम में पहुंचे थे। आसा पार्टी के संस्थापक आरसीपी सिंह ने कहा कि पार्टी की स्थापना का 6 सप्ताह पूरा हो चुका है। 6 सप्ताह के दौरान हमारे दल के जितने नेता और कार्यकर्ता हैं, सब लोगों ने संगठन बनाने का परिश्रम किया है, कार्य किया है, उसके चलते आज की तारीख में राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का संगठन बनकर तैयार हो गया है। राष्ट्रीय पदाधिकारी बना दिए गए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जो हमारे नारी शक्ति प्रकोष्ठ हैं, उसका भी गठन किया गया है। उन लोगों ने भी अपने कार्यकारिणी का गठन कर लिया है। देश के चार प्रदेशों में प्रदेश अध्यक्ष बना दिए गए है। इसमें बिहार, दिल्ली, राजस्थान और महाराष्ट्र है। बिहार में जितने भी हमारे साथी सक्रिय रहे हैं। उन सबको प्रदेश में पदाधिकारी बनाया गया है जिनकी संख्या 200 से ज्यादा है। साथी आज की तारीख में 26 प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। आगे और कई प्रकोष्ठ का गठन होना बाकी है। **कहा-बिहार में बेरोजगारी बड़ी समस्याः** आरसीपी सिंह ने कहा कि बिहार में आज बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। आज बिहार में कोई भी ऐसा एग्जाम नहीं है, जिसमें प्रश्न पत्र, परीक्षा से पूर्व लीक न होता हो। इसे बिहार की इमेज काफी खराब होती है। रोजगार को लेकर बिहार के जो बच्चे बाहर जाते हैं। बाहर उन्हें काफी उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। आशा पार्टी के संस्थापक आरसीपी सिंह ने कहा कि आप सबकी आवाज पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। फिलहाल 162 विधानसभा में हमने विधानसभा प्रभारी बनाए हैं। हम लोग उस पर काम कर रहे हैं। आने वाले समय में कितने सीटों पर और किस पार्टी या अकेले चुनाव लड़ना है इस पर निर्णय लिया जाएगा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन, पिपराकलां, गढ़वा–822114
Email Id- agriculturegarhwa2015@gmail.com
अति अल्पकालिन इच्छा की अभिव्यक्ति का आमंत्रण।

गढ़वा जिला में गढ़वा, रंका एवं श्री बंशीधर नगर प्रखण्ड मुख्यालय में एग्री क्लीनिक स्थापित किया जाना है जिसका उद्देश्य किसानों को उचित परामर्श देकर कृषि उत्पादकता किसानों की उपज एवं आय में वृद्धि करना है। इस योजना अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य, मौसम पूर्वानुमान, पौधा संरक्षण एवं कृशि से सम्बद्ध अन्य विशयों पर किसानों को परामर्श उपलब्ध कराया जायेगा। गढ़वा जिला के किसानों को एग्री क्लीनिक के 12 सर्विसेस यथा–मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद, कीटनाशी, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, कृषि उपादानों के व्यवपार हेतु अनुज्ञप्ति, कृशि उपकरण, खेती हेतु उचित सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधित योजनाएं एवं अन्य कृशि योजनाएं तथा कृशि उत्पादों का दर संबंधी सूचनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इसी उद्देश्य से अनुभवी एवं इच्छुक एजेंसी/महिला समूह/कृशक समूह/सहकारी समितियाँ/गैर सरकारी संस्थाएं (NGOs) से दिनांक 17-12-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक एजेंसी इच्छुक एजेंसी/महिला समूह/कृशक समूह/सहकारी समितियाँ/गैर सरकारी संस्थाएं (NGOs) इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित दस्जावेज कार्यालय अवधि में जिला कृशि कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त कर सकते हैं अथवा आत्मा, गढ़वा के वेबसाईट www.atmagarhwa.org से डाउनलोड भी कर सकते हैं। किसी भी प्रकार के अतिरिक्त जानकारी हेतु जिला कृशि पदाधिकारी, गढ़वा के दूरभाश सं0– 9931113690 अथवा अधिकारिक ई–मेल agriculturegarhwa2015@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 341512 Agriculture(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1.ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-02/2024-25/RE-02P.R.No.326559

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। यूनिट–02 | 2448259.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.12.2024 से दिनांक 18.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR 341597 Rural Development(24-25)D

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीओ कार्यालय में अधिवक्ताओं की नाराजगी समाप्त

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** अनुमंडल दंडाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के कोर्ट में लंबे समय से नाराज अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसडीओ और बार एसोशिएशन के पहल पर सोमवार को समाप्त हो गया। बताते चले कि बीते माह 26 अक्टूबर को अनुमंडल दंडाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक के कार्यशैली वो धारा 107 के जमानत में मोवकिलो को परेशान करने आदि का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने अनुमंडल परिसर में अपनी नाराजगी को प्रकट किया। फिर अगले दिन एक महत्वपूर्व बैठक कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए थे। करीब एक माह से अधिक चले हड़ताल के मद्देनजर एसडीओ अनिल बसाक ने बार एसोशिएशन विक्रमगंज के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भारद्वाज वो महासचिव रविरंजन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को सूचित कर अपने कार्यालय कक्ष में बुलाया। तत्पश्चात अध्यक्ष के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं ने एसडीओ से बातचीत कर समस्याओं का समाधान करने की औपचारिक पहल किया गया। इस बीच बार एसोशिएशन के अध्यक्ष वो महासचिव ने हड़ताल को समाप्त करने की घोषणा किया। इस दौरान वरीय अधिवक्ता एव पूर्व अध्यक्ष केदारनाथ सिंह, मदन सिंह, सुनील सिंह, उदय प्रताप सिंह, सचिव कमता प्रसाद, विजय आजाद, संजिव सिंह, जगलाल सिंह, अटल बिहारी वाजपेई, रामजी सिंह बहुत सारे अधिवक्ता मौजूद थे।

### विशेष विद्युत कैंप का आयोजन

विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)। मुख्यालय के निर्देशानुसार विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के विभिन्न पंचायत स्तर पर विद्युत उपभोक्ताओं के सहूलियत हेतु 9 से 14 दिसंबर तक विद्युत विभाग द्वारा विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि सोमवार को आयोजित शिविर में पांचो प्रशाखा के विभिन्न पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष कैंप में विद्युत उपभोक्ताओं के विभिन्न शिकायत यथा विद्युत आपूर्ति, स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत, विद्युत विपत्र सुधार, विपत्र भुगतान, नए विद्युत संबंध, कृषि हेतु विद्युत संबंध, खराब मीटर को बदलने हेतु एवं अन्य प्राप्त आवेदन का त्वरित निष्पादन हेतु उपभोक्ता पहुंचे। कुछ उपभोक्ताओं का बिजली बिल ऑनस्पॉट सुधार कर दिया गया, जिनके विपत्र में ऑनस्पॉट सुधार संभव नहीं थे उनका आवेदन पत्र ले लिया गया है तथा सात कार्यदिवस में सुधार कर दिया जाएगा। उक्त शिविर मे उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सन्दर्भ मे प्रकाश डालते हुए बताया गया की स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी भी भ्रान्ति का शिकार न हो। स्मार्ट मीटर एवं नॉर्मल मीटर दोनों एक जैसा है। खबर लिखने तक विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे कैंप स्थल पर ही 2 आवेदनों का निष्पादन कर दी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज के द्वारा आगे बताया गया की कुल प्राप्त आवेदनों मे प्रशाखा बिक्रमगंज मे 16, दिनारा मे 12, दावथ मे 2, सूर्यपुरा मे 12 एवं संझौली मे 1 आवेदन आये। विद्युत विपत्र सुधार कैंप मे ख़राब मीटर वाले उपभोक्ता के परिसर का मीटर भी बदला जा रहा है एवं इच्छुक उपभोक्ताओं के द्वारा अपना बकाया राशि भी जमा किया गया। विद्युत विपत्र सुधार शिविर में जेई बिक्रमगंज नवदीप गोयल, जेई सूर्यपुरा आनंद कुमार, जेई दावथ अर्जुन कुमार, जेई दिनारा विकाश कुमार आदि उपस्थित थे।

### पैक्स चुनाव में हुई हार जीत ने बाजार को अस्थिर किया

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** पैक्स चुनाव में हुई हार जीत ने राजपुर बाजार को अस्थिर कर रखा है। दो दिन से हो रही गोलीबारी की घटनाओं से बाजार के लोगों को अशांत कर रखा है। चुनावी रंजिश के खेल में दोनों पक्षो के निर्दोश लोग पीसे जा रहें हैं। जिससे बाजार वासियों दहशत व्याप्त है। शनिवार की रात नव निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ कुमार गुप्ता के आवास पर हुई गोलीबारी की अनुसंधान मे पुलिस जुटी थी। उम्मीदवार मनोज सिंह के मा शारदे पेट्रोल पम्प प्रबंधक जय मंगल के स्कार्पियो गाड़ी पर बदमाशों ने गोली बारी व गाड़ी रखा 303500रूपए लूट की घटना को अंजाम दे पुलिस प्रशासन को चुनौती दे डाली है।

# नाटक प्रतियोगिता को ले डीएम से मिले अकस सदस्य

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



जिले के डेहरी ऑन सोन में 26 से 30 दिसंबर तक होने वाले ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता व सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर सोमवार को अभिनव कला संगम सदस्यों ने डीएम उदिता सिंह से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान अभिनव कला संगम के सभी सांस्कृतिक गतिविधियों व क्रियाकलाप पर सदस्यों ने डीएम उदिता सिंह से विस्तार से चर्चा की। अध्यक्ष कमलेश कुमार ने डीएम को बताया कि 31 वर्षों से डेहरी ऑन सोन में अभिनव कला संगम द्वारा ऑल इंडिया नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के करीब 11 राज्यों से नाट्य प्रतियोगिता की टीम आकर नाटक, नृत्य संगीत, नुक्कड़ नाटक, समेत अन्य कार्यक्रमों का प्रदर्शन करती है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के नाट्य व सांस्कृतिक कलाकारों का आगमन होता है। उक्त पांच दिवसीय कार्यक्रम में देश के करीब 400 कलाकार झुनझुनवाला वाटिका में रहेंगे। 30 दिसंबर को देश के विभिन्न राज्यों से आए नाट्य टीमों द्वारा डेहरी शहर में भव्य रंग शोभा यात्रा भी निकल जाती है। इस दौरान डीएम ने डेहरी के प्रभारी एसडीम से कहा कि अभिनव कला संगम सदस्यों के साथ अनुमंडल पुलिस प्रशासन द्वारा एक संयुक्त बैठक कर संस्था को हर संभव सहयोग किया जाए। पांच दिवसीय नाटक प्रतियोगिता कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से सभी स्तर पर सहयोग दिया जाना चाहिए। डीएम ने कहा कि वह स्वयं इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। तथा देश के कोने-कोने से आने वाले कलाकारों को सभी प्रकार की सुविधा दी जाएगी। इस दौरान संस्था द्वारा डीएम को निमंत्रण पत्र भी दिया गया। मौके पर संस्था सचिव विनय मिश्रा, निदेशक कौशलेंद्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता आदि शामिल थे।

# बाजार में खरीददारी कर रही महिला के पर्स से गहने की चोरी

**निज संवाददाता | करगहर/ रोहतास**

करगहर बाजार में सोमवार को खरीददारी कर रही महिला के पर्स से लगभग छः लाख रुपए के मूल्य के गहने को अज्ञात चोरों ने उडा कर चंपत हो गये। जिसको लेकर करगहर थाना में आवेदन दी गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कुछिला निवासी सरिता देवी अपने ननद के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने लडुई जा रही थी। वह करगहर बाजार में उतर कर पार्चून के दुकान पर कुछ समान की खरीददारी करने लगी। उसके साथ उसकी एक छः वर्षीय बेटी भी थी जो बार बार खिलौने व मिठाई खरीदने की ज़िद कर रही थी और वह बार बार उसे डाट रही थी। पीड़ित महिला ने बताया कि हाथ में वह पर्स ली थी जिसमें वैवाहिक कार्यक्रम में पहनने के लिए एक डब्बे में डालकर रख ली थी। इसी का फायदा उठाकर उसके आस-पास चार से पांच महिलाएं खड़ी थी जो उसे बार-बार देख रही थी। उसके पर्स के चैंन को खोलकर उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, सोने का चेंन, अंगूठी, कान का झुमका सहित अन्य अन्य गहने निकाल कर चंपत हो गई। इस दौरान पीड़ित महिला को लगा कि उसकी बेटी हो सकता है पर्स को हिला डुला रही हो। वह पार्चून के दुकान से चूड़ी व मनिहारी का समान खरीदने लगी।

# नव निर्वाचित राजपुर पैक्स अध्यक्ष सहित सात के विरूद्ध प्रबंधक ने कराई प्राथमिकी

**निज संवाददाता राजपुर | (रोहतास)**

राजपुर डिहरी रोड स्थित नीमा गांव के समीप सोमवार की अहले सुबह मां शारदे पेट्रोल पंप के मैनेजर जय मंगल सिंह के साथ बदमाशों द्वारा 303500 रूपए लूट लेने का मामला प्रकाश में आया है। वही घटना के अंजाम देने के बाद बदमाशों ने प्रबंधक जय मंगल की स्कार्पियो गाड़ी पर गोलीबारी करहुए फरार हो गए। गोली की फायरिंग से स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंच दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस सम्बन्ध में पेट्रोल पंप के मैनेजर द्वारा राजपुर थाना में नव निर्वाचित राजपुर पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ कुमार सहित सात लोगों को नामजद प्राथमिकी कराई गई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार के शाम नोखा थाना क्षेत्र के बरांव मोड़ स्थित श्रीराम पेट्रोल पम्प का हिसाब करने के लिए चला गया था। तभी सोमवार की सुबह सासाराम रेलवे स्टेशन पर रिश्तेदार को पहुंचने के लिए चला गया। किंतु फ्यूल पंप का हिसाब किया राशि 303500 मेरे स्कॉर्पियो गाड़ी में मौजूद था। रिश्तेदार को छोड़ने के बाद मैं अकोढीगोला के रास्ते थाना क्षेत्र के नीमा गांव के समीप पहुंचा तो पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने अचानक तीन बाइक से सात की संख्या में लोग बीच रोड में बाइक खड़ा कर गाड़ी रूकवा दिया। गाडी रोकने के बाद गेट खोल पैक्स चुनाव हारे मेरे भाई मनोज सिंह को गाडी में ढुढने लगे। वे गाडी में नहीं मिले तो बोला कि चुनाव हारने के बाद भी शांत नहीं हो रहा है। ण कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहा से पुलिस ने दो जिंदा कारतूस बरामद किया। तथा गोली बारी से सहमे प्रबंधक जय मंगल को अपने साथ राजपुर थाना ले आए। घटना के सम्बंध में थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने कहा कि गोलीबारी व पैसा लूट का पेट्रोल पम्प प्रबंधक जय मंगल द्वारा नव निर्वाचित राजपुर पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ सहित सात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस गोलीबारी व लूट की तहकीकात कर रही है। बहुत जल्द ही उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# रोहतास जिला मिलर्स एशोसियेशन की बैठक

**निज संवाददाता | डेहरी आन-सोन (रोहतास)**



सोमवार को गांधी नगर डेहरी उर्वशी होटल में रोहतास जिला बिहार स्टेट राईस मिल एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष बिरेंदर गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। जिसमें रोहतास कैमूर जिला के सभी उसना राइस मिलर्स के सदस्य शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सरकार मिलिंग चार्ज मिलर के खाते में बिल्डिंग की तरह ट्रांसफार्मर करे। एवं उसना मिल लगाने में अत्यधिक पैसा लगता है और बिजली बिल भी अधिक लगता है और इसका वायोप्रोडक्ट भुसा बुआयलर में जल जाता है। इसलिए सरकार अन्य राज्यों की तरह मिलिंग चार्ज पर 150 रूपये क्विंटल बोनस के रूप में सहयोग करें। इस कार्य के लिए हमलोग 15 दिनों का समय देते हैं और विचार करने तक हड़ताल की घोषणा करते हैं। और सरकार के मिलिंग कार्य से हमलोग किनारा करते हैं। मांग मानने तक कोई भी उसना मिलर पैक्स से एग्रीमेंट नहीं करेंगे और ना ही चावल देंगे।मौके पर रोहतास जिला मिलर्स एशोसियेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बैठक में निर्णय लेते हुए कहा कि हमारे उसना राइस मिलर संघ की तरफ से 20 रुपये प्रति क्विंटल सरकार से मिलिंग चार्ज मिलता है और 1 क्विंटल उसना चावल तैयार करने में काम से कम 150 रुपए से 200 रुपये खर्च आता है आज से 70 साल पहले 20 रुपये सरकार द्वारा मिलिंग चार्ज निश्चित किया गया था। जिस समय 2 रुपए बिजली बिल था आज बिजली बिल कम से कम 7 रुपए यूनिट हो गया है। और मजदूरी उस समय 1 रुपए था आज मजदूरी बढ़कर 400 रुपये हो गया है तो उस स्थिति में मजदूरी में बिजली बिल में बढ़ोतरी हो गई लेकिन सरकार मिलर के मिलिंग चार्ज में एक पैसा का बढ़ोतरी नहीं की। जिसके चलते हम उसना राइस मिलर बदहाली की स्थिति में है। हमलोग की सरकार से मांग है कि अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश में मिलिंग चार्ज में बोनस दिया जाता है। इस तरह बिहार सरकार भी मिलिंग चार्ज में बढ़ोतरी करें ताकि उसना राइस उद्योग को बचाया जा सके। बैठक में मनिश गुप्ता, शिव गुप्ता, मुखिया अनिल गुप्ता, कामता सिंह, मनिश गुप्ता, अरूण कुमार, मुन्ना सिंह, लालजी प्रसाद सहित अन्य मिलर उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

**निज संवाददाता | नवादा**



आगामी 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने मापतौल, श्रम, खनन, वन विभाग एवं न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक किये। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किये। इस अवसर पर नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारीगण, पैनल अधिवक्तागण, पारा विधिक स्वयं सेवक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कर्मचारीगण उपस्थित हुए। इसके पश्चात् प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के प्रकोष्ठ में दिनांक 09.12.2024 को एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें दिनांक 14.12.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,वन प्रमंडल पदादिकरी, मापतौल, श्रम, खनन एवं वन विभाग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के क्रम में मापतौल, एवं खनन एवं वन विभाग के अधिकारियों से सुलहनीय योग्य लंबित वादों की सूची उपलब्ध कराने को कहा। उपस्थित पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे लोग अपने अपने विभाग में लंबित सुलहनीय वादों को चिन्हित कर उन वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में खनन वादों के पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने के संबंध में निर्देश दिया गया साथ ही उसके शतप्रतिशत तामिला पर बल दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरोज कृति ने बताया कि नोटिसों के तामिला पर ही लंबित वादों का निष्पादन संभव है। बैठक के क्रम में चिन्हित पूर्व विवादित मामले में पूर्व बैठक/पूर्व परामर्श की संख्या एवं चिहिन्त वादों की सूची के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व बैठक (प्री सीटिंग) के माध्यम से मापतौल, श्रम, खनन एवं वन विभाग से संबंधित अन्य वादों को कॉउन्सीलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जायेगा। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा, जिला दण्डाधिकारी सह उपाध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के अतिरिक्त एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण कमशः अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम, नवादा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, द्वितीय, नवादा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, तृतीय, नवादा 04. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ, नवादा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पंचम, नवादा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सप्तम नवादा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नवादा, मिस अनामिका कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, देवव्रत कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, सुश्री अनिता कुमारी, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नवादा, आदित्य आनन्द, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी, नवादा, कमरूजी न्यायिक दण्डाधिकारी द्वितीय श्रेणी नवादा, निखिल कुमार, न्यायिक दण्डाधिकारी, द्वितीय श्रेणी नापतौल श्रम, खनन, एवं वन विभाग के पदाधिकारीगण एवं सुशील कुमार पेशकार लोक अदालत नवादा उपस्थित हुए।

# वार्ड संघ का ग्यारहवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**

वार्ड संघ की विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रखंड मुख्यालय परिसर में ग्यारहवें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रही। संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने आरोप लगाया कि पदाधिकारी और मुखिया अपनी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना की बकाया राशि लंबे समय से वार्ड सदस्यों को नहीं दी गई है। पंचायतों में बिना कार्यकारिणी बैठक के योजनाओं को मंजूरी दी जा रही है। संघ ने मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत बृहद मरम्मत कार्य वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति से कराने की मांग की है। उन्होंने 2017 की नली-गली योजना की तर्ज पर कार्य वितरण की बात कही। इसके साथ ही डस्टबीन, नली-गली, नल-जल और मनरेगा से जुड़े विकास कार्य वार्ड सदस्यों के माध्यम से कराए जाने पर जोर दिया।संघ ने त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए शस्त्र उपलब्ध कराने की भी मांग की, जो सरकार द्वारा पहले ही आश्वासन दिया गया था। इन सभी 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में संघ का प्रदर्शन जारी है।nवार्ड सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। धरना में वार्ड संघ प्रखंड अध्यक्ष नर्वदेश्वर चौबे, बलियां पंचायत के वार्ड प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, महावीर गिरी, श्रीकांत दुबे, ओमलाल, पुष्पा शर्मा, कंचन देवी, मंटू सिंह, छोटू साह, और मुन्ना देवी सहित अन्य कई सदस्य शामिल रहे।

# विद्युत विपत्र सुधार को ले शिविर का आयोजन

**निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)**

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में विद्युत विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया। छतौना पंचायत के छतौना गांव में जे ई अरविंद कुमार रमन की अध्यक्षता में यह शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया।विद्युत आपूर्ति प्रशाखा नोखा के द्वारा इसका आयोजन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के जे ई अरविंद कुमार रमन ने बताया कि इस शिविर में। जले, खराब मिटर का बदली करण, विद्युत विपत्र सुधार, राजस्व संग्रह , बकाया जमा, विपत्र को लिया गया। कृषि कार्य के लिए कनेक्शन के लिए आवेदन लिया गया। विद्युत विभाग के जे ई अरविंद कुमार रमन ने इसकी जानकारी देते हुए बताया की बिल सुधार के लिए तीन आवेदन मिले। नए कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं दिया गया।

### ट्राली पलटने से तीन मासूम दवे स्थिति गंभीर

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** परसथुआ के वर्ल्ड नंबर चार में गुजर रही सड़क में उभरे गड्ढे के बीच ट्रैक्टर की ट्राली पलट गई जिसमें तीन मासूम दब कर बुरी तरह घायल हो गए। घायलो में हाजमा आलम, रिफत आलम, व सना परवीन शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि ट्रैक्टर पर धान के बोरी लाद कर चालक अपने गंतव्य की ओर जा रहा था कि वार्ड नंबर 4 मे सड़क मे उभरे गढ़े में ट्रैक्टर की ट्राली पलट गई जहां खेल रहे तीन मासूम दब कर बुरी तरह घायल हो गए।

# प्रतिक्षित रेल बैगन मरम्मत कारखाना के शुभारंभ को ले रेल मंत्री से मिले पूर्व सांसद

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



राज्यसभा के पूर्व सांसद एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने दिल्ली स्थित भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यालय कक्ष में मिलकर क्षेत्र में रेलवे के विकास समेत डालमियानगर में बहु प्रतिक्षित रेल बैगन मरम्मत कारखाना शुभारंभ करने संबंधी मांग पत्र सौंपा ।इस अवसर पर उनके साथ बिहार भाजपा के प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह भी उपस्थित रहे। मांग पत्र में पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा है कि विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में लिखे जाने के बाद यह आश्वासन प्राप्त हुआ था कि कार्य आरंभ कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई भी सकारात्मक पक्ष दृष्टिगोचर नहीं है।

# तिलौथू में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान का समापन

**निज संवाददाता | तिलौथू (रोहतास)**



जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने और महिला व किशोरियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 16 दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान परिवर्तन विकास तिलौथू और नई दिल्ली की संस्था क्रिया के सहयोग से 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 तक चलाया गया।संस्था की सचिव सविता डे ने बताया कि गांव-गांव में बैठकें आयोजित कर महिलाओं और किशोरियों को घरेलू हिंसा, जेंडर भेदभाव, साइबर अपराध और छेड़खानी जैसे मुद्दों पर जागरूक किया गया। 10 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।सविता डे ने कहा कि महिलाएं अक्सर हिंसा को सहती हैं क्योंकि समाज उन्हें बोलने से रोकता है। उन्होंने महिलाओं और किशोरियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और अन्य महिलाओं की मदद करने का आह्वान किया।सम्मेलन में किशोरियों से अपील की गई कि वे अपने गांव में हिंसा रोकने और अन्य किशोरियों को सशक्त बनाने के लिए आगे आएं। इस अभियान का उद्देश्य एक सुरक्षित और समान समाज का निर्माण करना है।

# अपार आईडी कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**



प्रखंड के प्रोजेक्ट गायत्री इंटर विद्यालय कौआकोल में सोमवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विद्यालय के सभी प्रधान शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपार आइडी, विद्यालय में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाने सहित अन्य विषयों को लेकर प्रधानाध्यापकों को दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रत्येक दिन प्रखण्ड में 2000 की संख्या में अपार आइडी जनरेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में कोताही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्रों का अपार जनरेट किया जा रहा है, जिसके लिए आधार कार्ड की भी आवश्यकता है। अपार आइडी से छात्र छात्राओं की एक अलग होगी, जो पढ़ाई के दौरान उनके पहचान पत्र का कार्य करेगा। वहीं उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बन गया है उन्हें चिह्नित कर उनका आधार कार्ड आवश्यक रूप से बनवायें, इसके लिए अभिभावकों के साथ लगातार बैठक करें और उन्हें आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही छात्र छात्राओं के आधार कार्ड को भी इ- शिक्षा कोष पोर्टल पर भी अपलोड करना है। वहीं उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में 75 प्रतिशत वाले छात्र छात्राओं को चिह्नित कर इ-शिक्षा कोष शिक्षा पोर्टल पर 75 प्रतिशत उपस्थिति वाले कॉलम में यस या नो करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 75 प्रतिशत उपस्थित के आधार पर ही छात्र छात्राओं को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। मौके पर एमडीएम प्रभारी संजय पासवान, प्रोग्रामर सत्येन्द्र कुमार, पूर्व बीआरपी प्रीतम कुमार, अम्बेद कुमार आदि मौजूद थे।

# महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं की बैठक

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**



पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा को मुख्यालय, हाजीपुर में एनटीपीसी के अधिकारियों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में थर्मल प्लांट तक कोयला के निर्बाध परिवहन पर चर्चा की। तत्पश्चात् महाप्रबंधक ने इरकॉन, आरवीएनएल और राइट्स द्वारा पूरी की जा रही पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और विस्तार में तेजी लाना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कार्यों की नियमित और गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि सभी निर्माण कार्य तय समय पर पूरा किए जा सकें। महाप्रबंधक ने 92.79 किलोमीटर लंबे सोननगर-गढ़वा रोड थर्ड लाइन, नेउरा-दनियांवा नई रेल लाइन (42.2 किमी), जयनगर-बर्दीबास (69 किमी) रेल परियोजना की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने किउल-गया दोहरीकरण परियोजना के भी कार्य प्रगति की समीक्षा की। लगभग 123 किलोमीटर लंबे इस परियोजना के शेष बचे नवादा-तिलैया (17.32 किलोमीटर) का कार्य शीघ्र पूरा होने की संभावना है। बैठक में इसके अलावा अन्य परियोजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## वीकेएसयू में पीएचडी रेगुलेशन के तहत मिलेगा प्रमाण- पत्र

**आरा।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में एक अक्टूबर 2019 से पीएचडी में नामांकित शोधार्थियों को पीएचडी रेगुलेशन- 2016 संशोधित 2018 के तहत प्रमाण पत्र मिलेगा। इस तिथि के अंतर्गत आने वाले शोधार्थी जो पीएचडी रेगुलेशन- 2009 के तहत प्रमाण पत्र प्राप्त किये है, उसे विश्वविद्यालय ने निरस्त करने का पत्र जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवारुल हक अंसारी ने बताया कि विश्वविद्यालय की तरफ से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस प्रस्ताव को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एकेडमिक काउंसिल और सिंडिकेट की बैठक से भी अनुमोदन करा लिया गया है। अब ऐसे शोधार्थी अपने विषय के संबंधित विभाग से संपर्क कर यूजीसी रेगुलेशन-2016 संशोधित 2018 के अंतर्गत प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। पूर्व में जो प्रमाण पत्र प्राप्त किये है, उसमें उन्हें सुधार भी कराना होगा।

## आम आदमी पार्टी ने छात्रों की पिटाई की घटना की निंदा की

**आरा।** बीपीएससी की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे छात्रों की पिटाई पर विभिन्न छात्र संगठनों ने नाराजगी जतायी। आम आदमी पार्टी ने पटना में बीपीएससी की संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन का विरोध कर रहे छात्रों, छात्र नेताओं तथा बुद्धिजीवी लोगों पर लाठीचार्ज और उन्हें जेल भेजने की घटना की कड़ी निंदा की है। सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और बिहार की प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा में सेटिंग और पेपर लीक की घटनाएं होती रहती हैं। पार्टी के को-ऑर्डिनेटर कृष्ण मोहन ठाकुर ने बताया कि दरोगा, सिपाही, शिक्षक और बीपीएससी कोई भी परीक्षा इससे अछूती नहीं है। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग की परीक्षा का पेपर लीक होने पर रद्द कर दिया गया है। जहाँ आवश्यकता है कि छात्रों और युवाओं के हित में पारदर्शी और सख्त कदम उठाए जाएँ, वहीं सरकार धांधली के नए-नए तरीके अपनाने और दमन की नीति पर चल रही है। यह रवैया सरकार और व्यवस्था के लिए घातक सिद्ध होगा। छात्र नेता दिलीप कुमार और अन्य गिरफ्तार छात्रों को तुरंत रिहा किया जाए। छात्रों एवं युवाओं के सवालों का समाधान किया जाए।

## घर का ताला तोड़कर गहने सहित 17 लाख की चोरी

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में एक भूतपूर्व आर्मी मैन के घर का ताला तोड़कर घर के अंदर गोदरेज में रखे 15 लाख के गहने और 2 लाख रुपया नगद चोरी का एफआईआर टाउन थाना में दर्ज कराया गया है। टाउन थाना के थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला में एक मकान का ताला तोड़कर सोने के गहने और 2 लाख नगद रुपया चोरी करने का एफआईआर पीड़ित अमरनाथ सिंह के द्वारा दर्ज कराया गया है। आवेदन में अमरनाथ ने लिखा है कि मैं अपने पूरे परिवार के साथ जमीन के सर्वे से संबंधित कार्य को लेकर अपने गांव शाहपुर थाना के भरौली गांव चले गए थे। कुछ दिन के बाद जब जगदेवनगर अपने घर आया तो देखा कि घर का दरवाजा का ताला टूटा है।

## यातायात पुलिस ने नवंबर में 55 लाख जुर्माना वसूला

**आरा।** यातायात थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से यातायात नियमों के उल्लंघन करने के आरोप में बाइक ,कार और अन्य वाहनों से कुल एक नवंबर से 30 नवंबर तक कुल 55 लाख 2 हजार 300 सौ रुपया जुर्माना वाहन मालिकों से वसूला है। एसपी श्रीराज ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि यातायात थाना के पुलिस के द्वारा नवम्बर माह में बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले वाहन मालिकों से 18 हजार रुपया, बिना लाइसेंस के बाइक और कार चलाने वाले चालकों से 15 हजार , शहर के विभिन्न जगहों से नो पॉर्किंग स्थल पर वाहन लगाने के जुर्म में 18 हजार 500 रुपया, सरकारी आदेश की अवहेलना और तेज रफ्तार से वाहन चलाने के आरोप में 23 लाख 88 हजार रुपया, अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 30 लाख 54 हजार 800 रुपया के साथ कुल 55 लाख 2 हजार 300 सौ रुपया जुर्माना वसूला है।

## बलिया में युवक को गोली मारने के मामले में इस्तेमाल कार राजपुर से की गई बरामद

**बक्सर।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर पेट्रोल पम्प के पास चाय दुकान पर गुरुवार की रात एक युवक को मनबढ़ युवकों ने गोली मार दी। घायल को तत्काल बक्सर नगर के विश्वामित्र अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे वाराणसी रेफर कर दिया है। विश्वामित्र अस्पताल के निदेशक डॉ राजीव झा के अनुसार घायल खतरे से बाहर है। इस मामले में उत्तर प्रदेश के नहीं थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव से घटना में इस्तेमाल की गई कार को बरामद कर लिया है। हालांकि आरोपी अब भी फरार हैं। घटना के बाबत मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के नरही थाना क्षेत्र के बघौना निवासी केदार राय के 30 वर्षीय पुत्र शिवम राय अपने दो मित्रों के साथ उत्तर प्रदेश के नरही थाना क्षेत्र के गोविन्दपुर पेट्रोल पंप के पास चाय पी रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां पहुंचे उत्तर प्रदेश के सोहांव संजीव राय व बक्सर जिले के गंगौली निवासी शिवम ठाकुर ने किसी पुराने विवाद में गाली देते हुए शिवम को गोली मार दी। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान को आगे बढ़ाया तथा राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव निवासी सौरभ राय के घर से घटना में इस्तेमाल की गई ब्रेजा कार को जब्त कर लिया। विश्वत सूत्रों की माने तो सीसीटीवी फुटेज में कार से सौरभ और शिवम ठाकुर दोनों उतरते हुए दिखाई दिए थे लेकिन दोनों अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है जिनको पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। मामले में नरही थानाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कार बरामदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र से कार तो बरामद कर ली गई है लेकिन कोई भी अभियुक्त अब तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। मामले का अनुसंधान जारी है।

## छापेमारी अभियान में 24 अभियुक्त धराए

**बक्सर।** अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के विभिन्न थानों के पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस को सफलता भी मिल रही है।पुलिस ने पिछले 24 घंटे में छापेमारी कर 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में 1, शराब के सेवन में 7, शराब बरामदगी में 3 अन्य मामलों में 13 अभियुक्त को जेल भेजा गया है। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 1 लाख 49 हजार रुपए जुर्माना वसूला है।वहीं 31 वारंट का निष्पादन किया गया। बता दें कि एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे अपराधियों की नाक में नकेल कसने के लिए पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पुलिस को यह सफलता मिली है।

## गहने व पैसे ले 3 बच्चों के साथ महिला गायब, केस

**बक्सर।** घर से पैसे और गहने के साथ तीन बच्चों को लेकर महिला गायब हो गई। महिला के घर से गायब होने के बाद पीड़ित पति थाना का चक्कर लगाता रहा। काफी चक्कर लगाने के बाद भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई। एफआईआर दर्ज नहीं होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक बारी टोला के एक युवक की शादी कोइरपुरवा में हुई थी। युवक के चार बच्चे हैं। युवक बाइपास रोड में गैरेज में कार्य करता था। 18 अगस्त को वह घर से कार्य के लिए अपने गैराज गया था। लौट कर आया तो घर में उसकी पत्नी और तीन बच्चे गायब थे। बड़ी बेटी से पूछा तो उसने बताया कि मां बच्चों के साथ बैग वगैरह लेकर कहीं चली गई है। युवक ने काफी खोजबीन की। खोजबीन में महिला के नहीं मिलने पर उसने टाउन थाना में गुमशुदगी के लिए आवेदन दिया। हालांकि पीड़ित का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने पर उसने कोर्ट की शरण लिया। कोर्ट के आदेश पर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी घर में रखे सभी गहने और करीब एक लाख रुपए लेकर गायब हुई है।

# 5वीं क्लास के छात्र का स्कूल के पास से अपहरण

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में 5KM दूर ले जाकर छोड़ा, CCTV फुटेज खंगाल रही पुलिस

बक्सर के पवनी विद्यालय से एक 12 वर्षीय छात्र का अपहरण का मामला सामने आया है। हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस छात्र को पवनी गांव से पांच किलोमीटर दूर महादेवा घाट से बरामद कर लिया है। छात्र ने बताया कि स्कूल के पास से उसे वाहन में बैठने वालों ने उसे महादेवा घाट के पास उतारकर फरार हो गए। पुलिस छात्र और परिजनों से पूछताछ कर मामले के जांच में जुट गई है। थाना पर इस घटना के बाद से ही पवनी गांव के ग्रामीणों की भिड़ मौजूद है।छात्र अपने पिता के मामा गांव में रहकर पढ़ाई करता है।जो आदर्श बालिका मध्य विद्यालय का पांचवी क्लास का छात्र है।

**जानिए कैसे हुई घटनाः** बता दें कि कैमूर के रामगढ़ के महूआरी गांव के निवासी धनजी ठाकुर का बेटा आकाश ठाकुर(12) पवनी गांव के निवासी कलेक्टर ठाकुर के यहां रहकर पढ़ाई करता है। कलेक्टर ठाकुर धनजी ठाकुर के मामा है।छात्र आकाश ठाकुर ने बताया कि सोमवार की सुबह वह स्कूल गया हुआ था, विद्यालय में बैग रखकर विद्यालय के बाहर टहल रहा था। तभी सफेद बोलेरो उसके कुछ दूरी पर खड़ी हुई। जिसमें चार लोग सवार थे। जिसमें से दो नकाबपोश लोग उतर कर उसके पास आये और बोले की गाड़ी में बैठ जाओ नही तो मर देंगे। एक पास एक छोटा बंदूक भी था।इसके बाद उसे गाड़ी में बैठाने के बाद एक आदमी ने बोला किं चन्दु को बता दो की लड़का मिल गया है। लेकिन कुछ देर बाद उनके द्वारा चौसा महादेवा के पास गाड़ी से उतार दिया गया। मैं रोने लगा तो आसपास के लोगो ने पुलिस की जानकारी दी और थाना पहुंचाया।बच्चे की इस बात से अनुमान लगाया जा था है की अपहरण कर्ता गलत बच्चे को उठा लिए थे। इसलिए छोड़ दिया।क्यों की परिवार गरीब है और किसी से कोई दुश्मनी की बात से भी इंकार किया जा रहा है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसः** मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि महादेवा घाट के पास से छात्र को लाया गया है। जिसने बताया है कि कुछ लोग उसे बोलेरो में बैठा लिए उसके बाद कुछ दूरी पर छोड़ दिया।

# हेमचंद विक्रमादित्य को राष्ट्रीय सम्मान दिया जाए




निज संवाददाता। आरा

जनतंत्र आवाज पार्टी ने भारत सम्राट हेमचंद विक्रमादित्य को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने के जेपी प्रतिमा के समीप धरना दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने कहा कि हेमचंद का परिवार शेर साह सूरी शासन चलाने में बहुत मददगार था। बाद में हेमचंद विक्रमादित्य कई विदेशी मुग़ल शासकों से युद्ध कर भारत के राजा बने। हरियाणा पानीपत के युद्ध में आंख मे तीर लगने के कारण मृत्यु हो गई। हेमचंद विक्रमादित्य रौनियार जाति से थे, जिन्हें राष्ट्रीय सम्मान के लिए सैकडों पत्र सरकार को लिखे गए हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होता देख इस धरना का आयोजन किया गया है। पार्टी के जिला मीडिया समन्वयक लाल बाबू गुप्ता ने कहा कि हमारी मांगों में, हेमचंद के नाम पर डाक टिकट, रेलवे स्टेशन का नाम रखना, पार्क या उदान बनाना, सरकारी स्तर से उनके नाम पर समारोह करना, जैसे मांग शामिल हैं। उम्मीद है सरकार इस मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करेगी। आने वाले समय में हेमचंद विक्रमादित्य को राष्ट्रीय सम्मान से सुशोभित करने का काम करेगी। अध्यक्षता पार्टी जिला अध्यक्ष अजय शर्मा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन सुरेश भोजपुरिया ने किया। धरनार्थियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन डीएम को दिया। धरना में शामिल लोगों मे, राम नारायण शर्मा, प्रेमचंद प्रसाद गुप्ता, राजेंदर गुप्ता, संजीत केशरी, अनिल शर्मा, जवाहिर शर्मा, कमला प्रसाद, अमित गुप्ता, दीप नारायण, राम चन्द्र प्रसाद, राम कुमार प्रसाद, मदन शर्मा, शिव जी प्रसाद चौरसिया, राम बाबू चौरसिया व पंकज पवन कुमार समेत कई थे।

# सैनिकों के कल्याण में किए गए कार्यों पर की गई चर्चा



निज संवाददाता। बक्सर

आईईएसएम चेयरमैन और आईईएसएम बिहार के अध्यक्ष मेजर डॉक्टर पीके पांडेय ने शनिवार को दिल्ली में जनरल बॉडी मीटिंग में अपनी अध्यक्षता के दौरान बिहार के सैनिकों की समस्याओं और उनकी वेलफेयर के लिए विशेष चर्चा की। इस बैठक की अध्यक्षता जनरल सतवीर सिंह (सेना मेडल) ने की। डॉ. पांडेय ने सैनिकों की मांगों और उनके कल्याण से जुड़े विषयों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया। बैठक में डॉ. पांडेय ने पीसीडीए प्रयागराज के प्रधान नियंत्रक संदीप सरकार, अधिकारी मनोज सिंह और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की, जिनकी मदद से बक्सर के सैनिकों को लगभग पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिली। इस कार्य के लिए जनरल सतवीर सिंह ने संदीप सरकार, मनोज सिंह और मेजर पीके पांडेय की प्रशंसा करते हुए बक्सर के सैनिकों के सामूहिक प्रयासों की भी सराहना की। बैठक का भावनात्मक क्षण तब आया जब मेजर पांडेय ने बक्सर के एक असहाय सैनिक के बेटे कमलेश दिलवाई। कमलेश, जो अपनी दोनों आंखों से अंधा है और ट्रेन में भीख मांगकर जीवनयापन करता था, को डॉ पांडेय ने पीसीडीए प्रयागराज के अधिकारियों के सहयोग से 15 लाख रुपये एरियर और 21,000 रुपये मासिक पेंशन दिलाया।

# चौसा नगर पंचायत में हर मौसम में मिलेगा शुद्ध पेयजल



♦ स्थायी हॉट एंड कुल प्योरीफाई वाटर सिस्टम का शुभारंभ, 10 स्थानों पर लगाए जाएंगे

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के चौसा नगर पंचायत में गर्मी के मौसम में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए अस्थायी मिट्टी के घड़े लगाए जाते थे। अब इस परंपरा को आधुनिक स्वरूप देते हुए केंद्र सरकार की विशेष योजना के तहत स्थायी प्याऊ सिस्टम शुरू किया जा रहा है। नगर पंचायत के 10 प्रमुख चौक-चौराहों पर हॉट एंड कुल वाटर सिस्टम लगाया जाएगा। यह सिस्टम राहगीरों और स्थानीय निवासियों को हर मौसम में शुद्ध पानी उपलब्ध कराएगा। पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि डा. मनोज कुमार यादव ने बताया कि प्रत्येक सिस्टम पर लगभग 8 लाख रुपये की लागत आ रही है। इस सिस्टम की कार्यप्रणाली के अनुसार, मोटर के जरिए पानी को एक हजार लीटर की टंकी में भरा जाएगा। इसके बाद प्योरीफिकेशन सिस्टम से शुद्ध पानी हॉट एंड कुल सिस्टम तक पहुंचेगा, जहां से ठंडा और गर्म पानी उपलब्ध होगा। यह व्यवस्था पूरे साल मौसम के अनुसार पानी की जरूरतों को पूरा करेगी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि यह योजना चौसा के अखौरीपुर गोला, यादव मोड़ चौक, दुर्गा मंदिर, चौसा स्टेशन, न्यायीपुर दलित बस्ती, चौसा बाजार, गड़ही दीवाल, नरबतपुर, बड़ी मस्जिद और बारा मोड़ जैसे 10 स्थानों पर लागू की जा रही है। इसके तहत हर जगह स्थायी प्याऊ का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह योजना नगर पंचायत को एक आदर्श मॉडल बनाएगी। गर्मियों में ठंडा और सर्दियों में गर्म पानी की उपलब्धता से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। स्थायी प्याऊ सिस्टम राहगीरों और नागरिकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी।

# 5.19 करोड़ से बनेगा कृष्णागढ़ का मॉडल थाना

निज संवाददाता। आरा




कृष्णागढ़ थाना के भवन के निर्माण की सभी अड़चनें दूर हो गई हैं। कभी जमीन उपलब्धता, कभी स्वीकृति व कभी विरोध के कारण कृष्णागढ़ थाना के भवन का निर्माण बाधित होता रहा है। लेकिन, सभी प्रकार की अड़चनों की समाप्ति के बाद इसी माह से कार्यरंभ होगा। करीब 5 करोड़ रुपए से कृष्णागढ़ मॉडल थाना बभनगांवा-सरैंया में ब्रह्मा बाबा के मंदिर के निकट बनेगा। इसे बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बनाएगा। थाना के भवन के लिए जमीन पहले ही चिन्हित र ली गई थी। लेकिन बीच-बीच में कई अड़चनें आती रहीं। दिसंबर 2025 में मॉडल थाना का भवन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मॉडल थाना की खासियत। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड के कनीय अभियंता अनुज कुमार ने बताया कि 5.19 करोड़ रुपए से प्रस्तावित नए मॉडल थाना भवन में सभी प्रकार की विभागीय सुविधाओं के लायक डिजाइन बनाया गया है। इसमें थानाध्यक्ष कक्ष, आगंतुक कक्ष, बाल एवं महिला कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, जांच कक्ष और अन्य सुविधाएं रहेंगी। 4 मंजिले मॉडल थाने में महिला सिपाहियों के लिए अलग-अलग रहेगा वैरक 3000 स्क्वायर फीट जमीन पर मॉडल थाना के निर्माण की योजना है। ग्राउंड फ्लोर और प्रथम फ्लोर पर थाना का ऑफिस, दूसरे और तीसरे फ्लोर पर महिला और पुरुष सिपाहियों के लिए अलग-अलग बैरक बनाएं जाएंगे। पुलिस विभाग में अब तक महिला अधिकारियों और महिला सिपाहियों के लिए अवसान की बहुत बड़ी समस्या है। महिला सिपाहियों के लिए अलग-अलग बनने से वें बेझिझक अपने बैरख में रह सकेंगी। वर्तमान में कृष्णागढ़ थाना आरा-सिन्हा मार्ग पर सरैया बाजार में किराए के पुराने मकान में स्थापित है। वह मकान काफी जर्जर हो चुका है। बारिश के मौसम में थाना में पदस्थापित पुलिस कर्मी और थाना पर आने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। जर्जर भवन के कारण थाना में रखे कागजातों और दस्तावेजों का भी नुकसान होता है। वर्षों से कृष्णागढ़ थाना का नया भवन बनाने की चर्चा विभाग में चल रही थी, अब समाप्त हो गई। दिसंबर 2025 के अंत तक नया थाना भवन के बाद पुलिस कर्मियों को काम करने में भी आसानी होगी। कृष्णागढ़ मॉडल थाना के भवन के लिए 3000 स्क्वायर फीट जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया है। जल्द ही कार्य शुरू होगा। 30 दिसंबर 25 तक भवन बनाने का विभाग के द्वारा लक्ष्य रखा गया है। - श्रीराज, पुलिस अधीक्षक

# 24 दिसंबर को प्रारंभिक शिक्षक संघ मनाएगा संघर्ष सह संकल्प दिवस


निज संवाददाता। आरा



आदर्श मध्य विद्यालय नवादा में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की बैठक हुई। 18 वां वर्षगांठ पर शैक्षणिक सेमिनार सह संकल्प दिवस की तैयारी पर मंथन हुआ। अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 24 दिसंबर 2005 को अहिंसात्मक तरीके से आंदोलन कर रहे शिक्षा मित्रों पर तत्कालीन सरकार द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया गया था। जिससे हजारों लोग बुरी तरह घायल हुए थे और सैकड़ों लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया जो अभी भी चल रहा है। संघ ने इसे नौकरी पर्यन्त संघर्ष दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। संघर्ष के 19 वें वर्षगांठ पर शिक्षक अपनी अस्मिता और प्रतिष्ठा के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लेंगे। शिक्षकों के द्वारा दी जा रही शिक्षा से समाज निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर होता है। सरकार शिक्षकों को आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रुप से प्रताड़ित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करती है,जो कतई संभव नही है । बैठक में कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान, नन्द किशोर सिंह, सदाकत हुसैन, प्रखंड अध्यक्ष क्रमशः विजय सिंह, निर्भय कुमार सिंह, किंग अभिषेक क्षत्रप , सत्येन्द्र दुबे, रितेश कुमार, प्रखंड सचिव जयप्रकाश ठाकुर, मोहम्मद आफताब अहमद, विजय कुमार सिंह,जगदीशपुर महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार, शिक्षक सुनिल कुमार ,ओम विकास गणपति, अविनाश कुमार सिंह,सरफराज फिरदी और हरेन्द्र कुमार सिंह सहित कई शामिल थे।

# वाणिज्य कर विभाग ने 7 वाहनों को पकड़ा

निज संवाददाता। आरा



वाणिज्य कर विभाग ने आरा-सासाराम, आरा-बक्सर एवं आरा-पटना हाईवे पर टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया। बिना चालान और ई-वे बिल (परमिट) वाले वाहनों को पकड़ा गया। वाणिज्य कर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पीरो हाईवे के पास से सात वाहनों को पकड़ा गया है। शाहाबाद अंचल के राज्यकर संयुक्त आयुक्त डॉ नरेश कुमार ने बताया कि वाणिज्य-कर विभाग, पटना के निर्देश पर आरा-सासाराम नेशनल हाइवे, पटना-कोईलवर-बक्सर फोर लाइन और आरा-मोहनिया नेशनल हाइवे पर टैक्स चोरी करने वालों के खिलाफ रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में 35 बड़े-छोटे वाहनों की संघन जांच की गई। प्रथम दृष्टया में दोषी मानते हुए सात वाहनों को पकड़ा गया है। वाहनों से टैक्स की राशि का दुगुना पेनाल्टी लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान समानों से लदे वाहनों से चालान, ई-वे बिल (परमिट) और इनवॉइस की मांग की गई हैं। कागजात नहीं देने पर उन्हें जब्त किया गया है। राज्यकर सहायक आयुक्त नूपर सिन्हा और जयंती कुमारी के नेतृत्व में यह चेकिंग अभियान चलाया गया है। आगे भी मुख्यालय से निर्देश प्राप्त होने पर रात्रि में चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। टैक्स चोरी करने वालों को पकड़ा जाएगा। गौरतलब हो कि विगत कुछ दिन पहले भी वाणिज्य कर विभाग की तरफ वाहन चेकिंग के दौरान कई गाड़ी पकड़े गए थे। अधिकारियों को होती है आसानी व्यवसायियों को दुकानों की मेन बोर्ड या दीवार पर जीएसटी नंबर लिखना जरूरी है। जबकि बोर्ड पर नंबर न होने से यह स्पष्ट नहीं होता है कि उनके पास जीएसटी है कि नहीं। यदि उनके बोर्ड पर जीएसटी नंबर अंकित रहेगा, तो अधिकारियों को जांच करने में सुविधा रहेगी। पहले तो जीएसटी नंबर के जरिए पता चलेगा कि उनके द्वारा टैक्स जमा किया जाता है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी नंबर लगाना इसलिए भी अनिवार्य किया गया है कि इसके साथ पता लग सकेगा कि दुकानदार का कितना काम है और वह कितना टैक्स अदा कर रहा है। अगर वह कम टैक्स अदा करता है तो उस पर हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

# आईईएसएम ने फ्लाइंग ऑफिसर अनुराग सिंह को किया सम्मानित

♦ बक्सर में 150 पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं ने लिया भाग, कई विषयों पर चर्चा

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में रविवार को इंडियन एक्स सर्विस मैन मूवमेंट (आईईएसएम) की ओर से बक्सर स्थित सैनिक कार्यालय, मां मुंडेश्वरी अस्पताल में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन बीएन पांडेय ने की और मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर जेपी सिंह ने किया। इस अवसर पर जिले के लगभग 150 पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बक्सर के गूंजा डेहरी गांव निवासी अनुराग सिंह को वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में चयनित होने पर अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। आईईएसएम के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस अवसर पर सैनिक वेलफेयर से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने बताया कि पीसीडीए प्रधान नियंत्रक संदीप सरकार के आदेशानुसार 'स्पर्श' प्रणाली से जुड़ी समस्याओं का समाधान युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने ईसीएचएस कार्ड बनाने की प्रक्रिया पर भी विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली में आयोजित जनरल बॉडी मीटिंग का भी जिक्र किया गया। इसकी अध्यक्षता मेजर जनरल सतवीर सिंह (सेना मेडल) ने की थी। बिहार से डॉक्टर मेजर पीके पांडेय ने इसमें बिहार के सैनिकों की समस्याओं और मांगों को सरकार के समक्ष उठाया। बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने पीसीडीए के अधिकारियों और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कई सैनिकों ने संगठन की सदस्यता भी ग्रहण की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट आरबी ओझा, जिला कोषाध्यक्ष सूबेदार आरबी सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष सूबेदार कमलेश्वर राय, चौगाई प्रखंड अध्यक्ष कैप्टन कन्हैया पंडित, कैप्टन संजय कुमार पाठक, कैप्टन अशोक उपाध्याय, सचिव नायब सूबेदार हरेंद्र मिश्रा, संयोजक रामनाथ सिंह, तकनीकी अधिकारी फूल बदन सिंह समेत कई पदाधिकारी एवं महिला अध्यक्ष रिंकी देवी, सुशीला देवी, कमलावती देवी सहित सैकड़ों पूर्व सैनिक मौजूद थे।

## महिला के सुसाइड मामले में हत्या का आरोप

# पति, ससुर-सास और ननद पर दहेज प्रताड़ना का आरोप, केस दर्ज

**निज संवाददाता। भागलपुर**



भागलपुर में पति से विवाद के बाद पत्नी ने खुदकुशी कर ली। छत पर बने एक कमरे में उनका फंदे से लटकता हुआ शव बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया है। महिला के परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने सास ससुर और ननद और हस्बैंड पर दहेज प्रताड़ना सहित हत्या का आरोप लगाया है। मामला, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी भाड़ टोला का है। मरने वाले की पहचान मोहम्मद कुर्बान के धर्मपत्नी प्रवीण (25) के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक घरेलू विवाद के चलते सास और पति से मृतक महिला की कहासुनी हुई थी। इसके बाद प्रवीण ने छत पर बने रूम से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। विवाद के बाद प्रवीण छत पर गई थी। परिजनों ने सोचा कि कहीं गया होगा। जब काफी देर बात नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू कर दिया। जब छत पर मृतक के परिजन पहुंचे तो वहां पर फंदे से लटकता शव मिला। इसके बाद परिजनों ने शोर मचाना शुरू किया। घटना की जानकारी के बाद लोगों की भीड़ जुट गई वहीं, सूचना के बाद जगदीशपुर ट्रेनी डीएसपी सह थानाध्यक्ष विशाल आनंद अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, इसके बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया और मामले का जांच करवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा लिया है। मृतक महिला के परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज भी की है। डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विशाल आनंद ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि दहेज को लेकर अक्सर प्रताड़ित करता था। उन्होंने आगे बताया कि परिजनों ने चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया है हम लोग मामले की जांच कर रहे हैं।

## कोलकाता बंदरगाह पर चार माह से नई एक्स-रे मशीन है डंप

**भागलपुर।** कोलकाता स्थित बंदरगाह पर चार माह से नई एक्सरे मशीन डंप है। लेकिन वहां से अबतक अस्पताल प्रबंधन ने मशीन नहीं मंगवाया है। जबकि यहां एक्सरे सेंटर पर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मरीजों में जांच को लेकर काफी शिकायत है। ओपीडी में आउटसोर्स एजेंसी एक्सरे जांच करती है, जबकि इमरजेंसी में अस्पताल प्रशासन खुद यह जांच करता है। लेकिन मरीजों की संख्या ज्यादा रहने की वजह से मरीजों को 100 नंबर पूरा होने के बाद अगले दिन ही जांच करवाने का मौका मिल पाता है। अगर नई मशीन अस्पताल में उपलब्ध हो जाए तो एक और टीम इसके लिए तैयार हो सकती है। हालांकि अब अधीक्षक डॉ. केके सिन्हा ने कहा है कि कोलकाता के बंदरगाह पर पड़ी एक्सरे मशीन को हम अपने स्तर से मंगवाएंगे। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दिए हैं। मशीन आने के बाद रेडियोलॉजी विभाग में इंस्टॉल कराया जाएगा। इससे यहां आनेवाले मरीजों को थोड़ी राहत हो सकती है।

## कन्या विवाह योजना पर 11 को लगाया जाएगा कैंप

**मुंगेर।** डीएम के निर्देश पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लाभुक पात्रों के बीच प्रचार-प्रसार के साथ आगामी 11 दिसंबर को प्रखंड कार्यालय में विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए बीडीओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि इसको लेकर जिले के सभी प्रखंडों में अलग-अलग तिथि पर कैंप आयोजित किया जाएगा। हवेली खड़गपुर प्रखंड कार्यालय में 11 दिसंबर को कैंप लगाया जाएगा। जिसमें आवश्यक दस्तावेज के साथ फॉर्म भरवाकर जमा लिए जाएंगे। इसको लेकर विकास मित्र, पंचायत सचिव, सभी वार्ड प्रतिनिधि गण लाभुकों के बीच प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने का काम करेंगे। ताकि सरकार की इस योजना का लाभ इसके दायरे में आने वाले सभी पात्रों को मिल सके।


**कार्यालय : कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू**
**योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू - 822101**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड**
**आलू फसल में झुलसा रोग (प्रबंधन एवं नियंत्रण)**
**सामयिक सूचना अंक – 04/2024–25**

प्रिय किसान बंधुओं,

रबी मौसम में आलू हमारा एक मुख्य फसल है। इसके बुआई से भण्डारण तक विभिन्न प्रकार के रोगों का प्रकोप होता है पर मुख्यतः फफुंदजनित झुलसा रोग इसे अत्यधिक हानि पहुँचाते हैं जिससे पैदावार पर भारी असर होता है। अतः इसका प्रबंधन एवं नियंत्रण अत्यावश्यक हो जाता है। इस रोग के दो अवस्था है जो निम्न प्रकार है :–

1. अगेती झुलसा :– यह एक मृदा जनित रोग है जिसे बुआई के 3–4 सप्ताह उपरांत साधारणतः दिसम्बर माह के शुरूआत से मध्य तक देखा जा सकता है। प्रारंभिक अवस्था में नीचे वाली पत्तियाँ संक्रमित होती है जहाँ से रोग उपर की ओर बढ़ती है। पत्तियों पर छोटे, फीके–भूरे चमकदार धब्बे बनते हैं। इस रोग की तीव्रता 20–26 डिग्री सेल्सियस तापमान पर अधिक होता है।
2. पछेती झुलसा :– इसे पछेती अंगमारी भी कहते हैं तथा यह सबसे विनाशकारी रोग है जिसके लक्षण पौधे के सभी भागों पर जैसे– पत्तियों, तना ओर कंद पर भी दिखाई पड़ते हैं। इस रोग का प्रकोप दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह से लेकर जनवरी माह तक देखा जा सकता है। रोग को शुरूआत पत्तियों पर किनारे वाले भाग पर भूरे धब्बे से होते है जो पौधे के अन्य भागों पर फैल जाते हैं। अनुकूल परिस्थितियों में (अधिक नमी 80–100 प्रतिशत, बादल छाये रहने पर) पौधा का सम्पूर्ण भाग नष्ट हो जाता है, अतः पूरी फसल बरबाद हो जाती है।

नियंत्रण एवं प्रबंधन हैं :–

(1) हमेशा स्वस्थ्य आलू बीज लगायें।
(2) बोने से पहले आलू के बीज को रिडोमिल एम0जेड0 या मेटालेक्जिल के 0.02 प्रतिशत घोल में डूबो लें।
(3) झुलसा प्रतिरोधी किस्मों की ही बुआई करें।
(4) खरपतवार नियंत्रण करें।
(5) अगेती झुलसा के लक्षण दिखाई देने पर मैंकोजेब फफूंदनाशी (इण्डोफिल M-45 या डाईथेन M-45) इत्यादि की 300–600 ग्राम मात्रा प्रति एकड़ के दर से 2–3 छिड़काव प्रत्येक 15 दिनों के अन्तराल में करें।
(6) पछेती झुलसा के लक्षण पर मैटालेक्जिल एवं मैंकोजेब युक्त फफूंदनाशी (रिडोमिल एम0जेड 72 WP) इत्यादि 400–500 ग्राम मात्रा प्रति 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।
(7) अत्यधिक ठण्ड की आशंका पर फसल की सिंचाई कर देने से पाला का असर कम हो जाता है।

**कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,**
**पलामू**

PR 341551 District (24-25)_D


# भागलपुर नगर निगम के आईटी सेल में लगी आग



**अगलगी में कमरे में लगा Ac हुआ ब्लास्ट, ऑफिस के जरूरी दस्तावेज भी राख**

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर नगर निगम कार्यालय के आईटी सेल ऑफिस में रविवार को आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मकसद के बाद आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट से बताया जा रहा है। आग लगने से कमरे में ऐसी ब्लास्ट हो गया और कार्यालय के कई कंप्यूटर को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि सूचना के बाद नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे। जांच की जा रही है कि कितना का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि हादसे में जरूरी कागजात भी जलकर राख हो गए हैं।

**कर्मचारियों ने सूचना दीः** पूरे मामले को लेकर नगर निगम के उपनगर आयुक्त अमित सौहेल ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट ही है। आज रविवार का दिन था, सभी ड्राइवर अपने-अपने गाड़ी की सफाई कर रहे थे। अचानक से धुआं निकलता देख यहां के कर्मचारियों ने हम लोगों को सूचना दी। हम लोग मौके पर पहुंचे और जांच कर रहे हैं। लोगों के बीच चर्चा है कि रविवार को नगर निगम का ऑफिस बंद रहता है। उसके बावजूद भी खुल पाया गया। इससे पहले भी नगर निगम परिसर में आगजनी की घटना हो चुकी है। जिसमें करोड़ों रुपए के वाहन समेत अन्य चीजें जलकर राख हो गई थी।

## 16 से 18 तक तीन दिवसीय रोजगार मेला

**मुंगेर।** मुंगेर जिले के बेरोजगार युवाओं को बेहतर अवसर मिले। इसके लिए मुंगेर पोलो मैदान में 16, 17 व 18 दिसंबर को श्रम संसाधन विभाग की ओर से रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। तकनीकी और गैर-तकनीकी क्षेत्रों में योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी रोजगार मेले में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए विभागीय वेबसाइट या जिला नियोजन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद**
"हर खेत तक सिंचाई का पानी"
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 08/2024–25**
केवल ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर
**संवेदकों से प्रतिशत दर पर निविदा**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद |
| 2. | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक– 06.12.2024 |
| 3. | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक– 27.12.2024 से 02.01.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 4. | प्री–बीड मीटिंग का स्थान, तिथि एवं समय | अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना के कार्यालय में दिनांक– 28.12.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक– 03.01.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक– 04.01.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न को संबंधित प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7. | तकनिकी निविदाओं का मुल्यांकण | दिनांक 15.01.2025 से लगातार |
| 8. | वित्तीय वीड खोलने की तिथि | सक्षम प्राधिकार के द्वारा बाद में घोषित किया जाएगा। |

**9.कार्य की विवरणी**

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिंग मूल्य, सेवा शूल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बहेरा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 62.479 | 1.250 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 2 | कासिमपुर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 36.687 | 0.740 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 3 | झिकटिया उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.324 | 0.750 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 4 | बैजलपुर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 61.526 | 1.240 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 5 | मटपा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 62.680 | 1.260 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 6 | खैरा मोहन उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 67.474 | 1.350 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 7 | ढ़िबर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 36.687 | 0.740 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 8 | गौसपुर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.667 | 0.760 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 9 | बाजिदपुर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.377 | 0.750 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 10 | हजारी (राजपुर सिंवाना) उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 37.202 | 0.750 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 11 | हजारी (शिवगंज) उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 36.793 | 0.740 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 12 | कनरी उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 36.793 | 0.740 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 13 | कजराईन एवं झिकटिया (2 अद्द) उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 117.749 | 2.360 | 10000 | 3540 | 6 माह |
| 14 | मझीयावां उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 63.348 | 1.270 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 15 | सहसपुर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | बारूण | 34.278 | 0.690 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 16 | धमनी उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | बारूण | 34.133 | 0.690 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 17 | शेखपुरा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 55.517 | 1.111 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 18 | सरसैल उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 58.013 | 1.161 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 19 | हथियार उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 59.261 | 1.190 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 20 | बभही उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 57.874 | 1.160 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 21 | नर्गाइन उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 56.488 | 1.130 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 22 | धेजना उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | गोह | 55.795 | 1.120 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 23 | नेहुती लपुरा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 29.264 | 0.590 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 24 | ममका उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 54.683 | 1.100 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 25 | रायपुर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 65.024 | 1.310 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 26 | बिजोई उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 63.829 | 1.280 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 27 | दक्षिण बेला उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण | औरंगाबाद | गोह | 48.130 | 0.970 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 28 | उत्तर बेला उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण | औरंगाबाद | गोह | 47.043 | 0.950 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 29 | वैजलपुर उद्धहव सिंचाई योजना का जीणोद्धार कार्य | औरंगाबाद | गोह | 63.434 | 1.270 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 30 | वेलारू उद्धहव सिंचाई योजना का जीणोद्धार कार्य | औरंगाबाद | गोह | 62.366 | 1.250 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 31 | वैजलपुर–2 उद्धहव सिंचाई योजना का जीणोद्धार कार्य | औरंगाबाद | गोह | 62.214 | 1.250 | 10000 | 590 | 6 माह |
| 32 | उसनी उद्धहव सिंचाई योजना का जीणोद्धार कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 39.049 | 0.781 | 5000 | 590 | 6 माह |
| 33 | वैजलपुर–01 उद्धहव सिंचाई योजना का जीर्णोद्वारा कार्य | औरंगाबाद | गोह | 62.519 | 1.251 | 10000 | 590 | 6 माह |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद**

PR- 014287 ( MWRD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# पूर्व सांसद मनोरमा सिंह के निधन पर जताया गया शोक



**निज संवाददाता। मुंगेर**

रहमानी बीएड कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन रविवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फाउंडेशन सचिव सालेहीन नदवी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में 7 दिसंबर को मुंगेर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. अमर कुमार और 8 दिसंबर को प्रो. अजफर शमसी शामिल हुए। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दौरान बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, रस्सा कशी, और दौड़ सहित कई खेलों का आयोजन हुआ। स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड से प्रथम स्थान पर रही नूरी बानो व गौतम कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे सोनल, श्रुति व राजीव कुमार और तृतीय स्थान पर रहे हीरामणि, अंकित कुमार व आंचल को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

ये जानकारी रहमानी फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी शकील सिद्दीकी ने दी। मौके पर प्रो. पाटील कंचन गोपाल, प्रभारी प्राचार्य राजन कुमार, भोला प्रसाद साहू, प्रो. आयशा मोहम्मद, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. कन्हैया कुमार, प्रो. तबस्सुम खान, प्रो. प्रीति कुमारी, प्रो. चंद्रशेखर, प्रो. अनंत कुमार सिंह, प्रो. आनंद विजय आदि मौजूद थे।

# छात्र ने खुद को गोली से उड़ाया, राइफल को सीने से सटाकर पैर से दबाया ट्रिगर

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में रविवार को 10वीं के छात्र ने अपने पिता की लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रेस्टोरेंट संचालक राजीव कुमार सिंह के बेटे सोमिल राज (17) के रूप में हुई है। स्कूल के एग्जाम में सोमिल दो सब्जेक्ट में फेल हो गया था। जिसके बाद से वह डिप्रेशन में था। आज सुबह करीब 8 बजे उसने पिता की राइफल को अपने सीने से सटाया और पैर से ट्रिगर दबाकर फायरिंग की। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना कहलगांव थाना क्षेत्र के आनंद कॉलोनी की है।

**सुसाइड से पहले इंस्टाग्राम पर अपलोड किया वीडियोः** पुलिस के अनुसार, सोहिल सुबह 5 बजे अपने घर में मोबाइल पर गेम खेल रहा था। कुछ वीडियो भी उसने इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था। जिसपर लिखा है कि (finally I can say that I did happily)। जिसके कुछ देर बाद उसने खुद को गोली मार दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है। छात्र सेंट जोसेफ स्कूल में पढ़ता था। फिलहाल बेटे की आत्महत्या के बारे में परिजन कुछ भी खुलकर नहीं बोल रहे हैं।

**हथियार की जांच करेगी पुलिसः** कहलगांव प्रभारी थाना अध्यक्ष देवगुरु ने बताया कि 'शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना में शामिल हथियार की जांच की जा रही है। परिजन की ओर से अभी लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।'


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

**67वीं औपबंधिक सूची**
**जिला–पलामू (पार्ट–2)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिषुन उराँव एवं दाउद केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर।** | |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–553/24<br>2. आवेदक–दीनानाथ सिंह, पिता–स्व0 रामजन्म सिंह<br>3. ग्राम–अवसाने, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–554/24<br>2. आवेदक–लुकमान अंसारी, पिता–बच्चु मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–555/24<br>2. आवेदक–रविन्द्र चौधरी, पिता–स्व0 श्याम बिहारी चौधरी<br>3. ग्राम–नरसिंह पुर पथरा, पोस्ट–नरसिंह पुर पथरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर पर जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–556/24<br>2. आवेदक–शैलेन्द्र सिंह, पिता–स्व0 कामता प्रसाद सिंह<br>3. ग्राम–कटुअल कला, पोस्ट–कटुअल कला, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–557/24<br>2. आवेदक–सुषमा देवी, पति–लालमुनी यादव<br>3. ग्राम–सरहुआ, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–558/24<br>2. आवेदक–किरण देवी, पति–बिष्णु यादव<br>3. ग्राम–सरहुआ, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का अंगुठा का नाखुन नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–559/24<br>2. आवेदक–जितेन्द्र प्रसाद, पिता–स्व0 शिवलाल प्रसाद<br>3. ग्राम–शाहपुर, पोस्ट–शाहपुर, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–560/24<br>2. आवेदक–सरवर अंसारी, पिता–जेनतुल्लाह अंसारी<br>3. ग्राम–बिल बिकवा, पोस्ट–सिरमा, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–561/24<br>2. आवेदक–सेराज अंसारी, पिता–मो0 समसुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–नवाटोली, पोस्ट–मेदनीनगर, थाना–मेदनीनगर, प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–562/24<br>2. आवेदक–धर्मेन्द्र कुमार, पिता–विद्या सागर प्रसाद<br>3. ग्राम–रामगढ़, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें होठ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–563/24<br>2. आवेदक–मंजूर आलम, पिता–वाजदल मियाँ<br>3. ग्राम–धनगांव, पोस्ट–लेस्लीगंज, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–564/24<br>2. आवेदक–वाहिद अंसारी, पिता–अमानत हुसैन<br>3. ग्राम–बारी, पोस्ट–खामडीह, थाना–सतबरवा, प्रखण्ड–मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सतीष कुमार, विकेष शुक्ला एवं विरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।** | |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–565/24<br>2. आवेदक–अजीत कुमार तिवारी, पिता–स्व0 नारायण तिवारी<br>3. ग्राम–बारालोटा, पोस्ट–बारालोटा, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये हाथ पर केहुनी पर तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–566/24<br>2. आवेदक–ष्यामा कान्त तिवारी, पिता–यमुना तिवारी<br>3. ग्राम–बारालोटा, पोस्ट–बारालोटा, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये आँख पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–567/24<br>2. आवेदक–आलोक प्रकाष, पिता–श्री बलराम तिवारी<br>3. ग्राम–बारालोटा, पोस्ट–बारालोटा, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये आँख के पास कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–270/24<br>2. आवेदक–रानी देवी, पति–सतीष कुमार<br>3. ग्राम–नई मुहल्ला, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड– मेदिनीनगर<br>4. लिंग– महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाये आँख पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–395/24<br>2. आवेदक–षांति देवी, पति– स्व0 अखिलेष सिंह<br>3. ग्राम–कजरी, पोस्ट–नौडीहा, थाना–नौडीहा, प्रखण्ड– पन्डवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अशोक कुमार सिंह एवं रहमतुल्ला अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।** | |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–568/24<br>2. आवेदक–ललन कुमार सिंह, पिता–स्व0 मुरलीधर सिंह<br>3. ग्राम–सुदना, पोस्ट–सुदना, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये गाल पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–569/24<br>2. आवेदक–हबीब खाँ, पिता–युसूफ खाँ<br>3. ग्राम–सरैया, पोस्ट–बैदाकलां, थाना–पंडवा, प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–570/24<br>2. आवेदक–पारसनाथ महतो, पिता–स्व0 विन्देष्वर महतो<br>3. ग्राम–बैदाकलां, पोस्ट–बैदाकलां, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–ढोडी पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन में दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।** | |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–571/24<br>2. आवेदक–मो0 असलम, पिता–स्व0 इसराइल टेलर<br>3. ग्राम–षंति मुहल्ला, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया कान के नीचे ऑपरेषन का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–572/24<br>2. आवेदक–सलाउद्दीन खलीफा, पिता–स्व0 ओलायत खलीफ<br>3. ग्राम–षंति मुहल्ला, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया साइड आँख के उपर माथा पर मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–129/24<br>2. आवेदक–कलीमुद्दीन खलीफा, पिता–स्व0 मो0 फैजुद्दीन खलीफा<br>3. ग्राम–रंका, पोस्ट–रंका, थाना–रंका, प्रखण्ड–रंका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओठ के बाया साइड में मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–573/24<br>2. आवेदक–जियाउल हक, पिता–इसराइल खलीफा<br>3. ग्राम–चैनपुर (षंति मुहल्ला), पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाला में वाई साईड तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–574/24<br>2. आवेदक–विजय माँझी, पिता–रामधनी माँझी<br>3. ग्राम–चैनपुर (पूर्व मुहल्ला), पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये गदर्न पर गोदना का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–575/24<br>2. आवेदक–कुलवन्ती कुंवर, पति–स्व0 जसवंत सिंह चेरो<br>3. ग्राम–सोकरा, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड– चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाये घुटना पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–576/24<br>2. आवेदक–सत्य प्रकाष ठाकुर, पिता–स्व0 श्री सुदर्षन ठाकुर<br>3. ग्राम–चैनपुर, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों हाथ के कानी अंगुली टेडा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–578/24<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया, पिता–नरेष महतो<br>3. ग्राम–मझिगावाँ, पोस्ट–नरसिंहपुर पथरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 49 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाये गाल में तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–579/24<br>2. आवेदक–अब्दुल शरीफ, पिता–सोबराती मियाँ<br>3. ग्राम–कौड़िया, पोस्ट–सुआ, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–चियाकी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के पास तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–577/24<br>2. आवेदक–जवाहर चौधरी, पिता–स्व0 धनेष्वर चौधरी<br>3. ग्राम–कल्याणपुर, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये आँख के नीचे तील का निषान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच षिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाषित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेष्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 341548 Home(24-25)D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


26 क्रय केंद्रों में से 10 लैम्प्स में धान खरीद की शुरुआत, किसानों को शीघ्र भुगतान की गारंटी

# धान अधिप्राप्ति के लिए डीसी ने की बैठक, 10 लैम्प्स में 15 दिसम्बर से प्रारंभ होगा धान क्रय



निज संवाददाता | दुमका

जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू करने के लिए सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान खरीदारी की तैयारियों को लेकर विभिन्न दिशा-निर्देशों पर चर्चा की गई और ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के 26 धान क्रय केंद्रों में से 10 लैम्प्स (लाइसेंस प्राप्त मिलिंग प्राइवेट सेंटर) में 15 दिसम्बर 2024 से धान क्रय कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने इन लैम्प्स में आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता और संचालन के लिए ऑपरेटर की नियुक्ति को सुनिश्चित करने की बात कही। यह कदम इस दिशा में उठाया जा रहा है कि धान क्रय प्रक्रिया को समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि किसानों का भुगतान तय समय पर किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि वे विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए धान अधिप्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को उनकी उपज के उचित मूल्य पर खरीदारी कर, समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी ने दो नए लैम्प्स खोलने का प्रस्ताव दिया, जिसे उपायुक्त ने स्वीकृति प्रदान की। इन नए लैम्प्स को खोलने से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया और अधिक तेज़ और सुगम हो सकेगी, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने अधिकारियों से कहा कि धान क्रय केंद्रों की सही तरीके से निगरानी की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि क्रय प्रक्रिया में कोई भी अवरोध न आए। किसानों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है, और उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई से बचाने के लिए हर संभव कदम उठाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी समस्या या मुद्दे का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि किसानों के लाभ के लिए काम किया जा सके और जिले के धान अधिप्राप्ति लक्ष्य को समय पर पूरा किया जा सके।

## डीसी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

निज संवाददाता | गोड्डा

सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, गोड्डा डॉ. अनंत कुमार झा ने स्वास्थ्य विभाग की पूर्व समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल के कायाकल्प को लेकर चर्चा की और अस्पताल प्रबंधक से यह जानकारी ली कि पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन किस हद तक किया गया है। विशेष रूप से सदर अस्पताल के चारों ओर सौंदर्यीकरण, ऑपरेशन थियेटर और वार्ड में लाइटिंग, साइनेज बोर्ड, पार्किंग, नर्सिंग स्टेशन, पेयजल की व्यवस्था, ऑपरेशन थियेटर और लेबर रूम की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सहायक अभियंता भवन निर्माण को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए और भवन निर्माण से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए कड़े निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने प्रखंड के अंतर्गत एचएससी वार एचएमआईएस डाटा का मूल्यांकन कर गेप एनेलाइसेस करें और योजनाओं का निर्माण कर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। इसके अलावा, बैठक में उपायुक्त ने सुंदरपहाड़ी प्रखंड के मलेरिया मरीजों की स्थिति पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित चिकित्सक को निर्देश दिए कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुंदरपहाड़ी में तेज बुखार वाले मरीजों की मलेरिया जांच के लिए टेस्टिंग किट का इस्तेमाल किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अनंत कुमार झा, डब्ल्यूएचओ कंसल्टेंट, सहायक अभियंता, डीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मीगण भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए लगातार निगरानी रखने की बात कही और विभागीय कार्यों को प्रभावी रूप से पूरा करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मध्यस्थता से निष्पादित मामले में उभय पक्षों की जीत: प्रधान जज

**विशेष मध्यस्थता शिविर के प्रथम दिन चार मामले का निष्पादन**

- पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरुआत
- त्वरित निष्पादन और सुलह-समझौते से पक्षकारों को मिल रही राहत



निज संवाददाता | गोड्डा

परिवार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पारिवारिक विवादों का शीघ्र और प्रभावी समाधान करना है, ताकि दोनों पक्षों को राहत मिल सके और अदालतों पर बोझ कम हो। इस अभियान के पहले दिन सोमवार को पारिवारिक विवाद से संबंधित चार मामलों का निष्पादन किया गया। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 9 दिसंबर से शुरू हुआ है और 13 दिसंबर तक जारी रहेगा। परिवार न्यायालय के प्रधान जज, श्री अनिल कुमार पांडेय ने इस विशेष अभियान के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि पारिवारिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर उभय पक्षों के बीच सुलह-समझौता कराना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। जज पांडेय ने यह भी बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का हल दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद होता है, क्योंकि इससे अदालतों पर दबाव कम होता है और पक्षकारों को समय पर न्याय मिलता है। प्रधान जज ने आगे कहा कि सुलह-समझौते के आधार पर मामले का निष्पादन होने से दोनों पक्षों को राहत मिलती है और वे अपने पारिवारिक जीवन को शांति से आगे बढ़ा सकते हैं। मध्यस्थता की प्रक्रिया, पारिवारिक विवादों के लिए सबसे बेहतरीन और कारगर विकल्प साबित हो सकती है।

उन्होंने यह भी बताया कि उभय पक्षों को नोटिस भेजकर उन्हें समय पर आने के लिए प्रेरित किया जाता है, ताकि वे इस मौके का लाभ उठा सकें और विवाद से मुक्ति पा सकें। मध्यस्थता शिविर में भाग लेने वाले मामलों की सूची में कई प्रमुख नाम शामिल हैं, जिनमें उग्रेश झा, जितेन्द्र दुबे, नूतन तिवारी, शादिक अहमद, धर्मेन्द्र नारायण, राजकुमार घोष, रीना डे, अजय कुमार साह, दिलीप कुमार झा, प्रदीप कुमार साह, श्वांति रानी, असलम, गौरी प्रिया, अनंत नारायण दुबे, अफसर हसनैन, शादिक अहमद, अधिकार मित्र तबरेज आदि जैसे मध्यस्थ शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ पारिवारिक विवादों के समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में मध्यस्थता की प्रक्रिया को बढ़ावा देने और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। परिवार न्यायालय परिसर में इस शिविर के सफल संचालन से यह साफ हो गया है कि मध्यस्थता, अदालतों में लंबित मामलों के समाधान में एक प्रभावी और सशक्त उपाय हो सकता है। मध्यस्थता शिविर 13 दिसंबर तक चलेगा और इसके अंतर्गत कई अन्य मामलों का निष्पादन किया जाएगा, जिससे यह अभियान पूरे जिले में विवाद समाधान की एक नई दिशा पेश कर सके।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन

निज संवाददाता | दुमका

सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन दुमका जिला कांग्रेस कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर केक काटकर सोनिया गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी के नेतृत्व और उनके संघर्ष को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन भारतीय राजनीति में एक प्रेरणा का स्रोत है। विशेष रूप से उनका कार्यशैली और उनके विचारों ने उन्हें न केवल एक मजबूत नेता, बल्कि एक सशक्त नारी के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन की तमाम कठिनाइयों के बावजूद भारत के विकास और समाज के कल्याण के लिए अनगिनत योगदान दिए हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति में सोनिया गांधी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उनके जीवन में, खासकर भारत के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी के निधन के बाद, जो साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया गया, वह काबिले तारीफ है। उनके अदम्य साहस और संघर्ष ने कांग्रेस पार्टी को एक नई दिशा दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेता प्रोफेसर मनोज अम्बष्ट, प्रेम कुमार साह, अरबी खातून, शमशाद अंसारी, महबूब आलम, अरविंद कुमार, अली इमाम, टिंकू, सत्यनारायण यादव, अजय भंडारी, संतोष सिंह, दशरथ मंडल, रूपेश सिंह आदि ने सोनिया गांधी के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि हम सभी उनके विचारों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर सोनिया गांधी की सशक्त नेतृत्व शैली और उनके योगदान को याद करते हुए यह भी कहा कि वह भारतीय राजनीति में एक सशक्त स्तंभ हैं, जिन्होंने न केवल भारत के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समाज की बेहतरी के लिए कई पहल की। कांग्रेसियों ने इस अवसर पर एकजुटता और पार्टी की मजबूती के लिए संकल्प लिया और कहा कि पार्टी उनके योगदान से प्रेरित होकर देश के लोगों की सेवा में निरंतर कार्य करती रहेगी।

## अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ऑटो रिक्शा में आग लगाने की घटना से परिवार में मचा हड़कंप

निज संवाददाता | दुमका

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं के बीच मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों के लिए जोखिम लगातार बढ़ रहा है। एक ओर लोगों के डेटा निरंतर चुराने की खबरें आती हैं, वहीं अब मोबाइल में बेतहाशा सेंधमारी होने लगी है। इसका अर्थ है कि लोगों की निजता खतरे में है। बैंकिंग लेन-देन से लेकर उनकी तमाम गतिविधियों पर नजर है। मोबाइल उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां पलक झपकते सेंधमारों तक पहुंच जाती है। इसके बाद क्या होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। फिलहाल तो इस खबर ने चिंता बढ़ा दी है कि हमारे यहां मोबाइल फोन में सर्वाधिक सेंधमारी हो रही है। 'जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज 2024 मोबाइल, आइओटी एंड ओटी थ्रेट रपट' को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके मुताबिक, दुनिया भर में हुई सेंधमारी के क्रम में भारत में सबसे अधिक अट्ठाईस फीसद हमले हुए। मोबाइल उपयोग करने वालों के लिए यह खतरे की घंटी है, तो दूरसंचार कंपनियों और मोबाइल निर्माताओं के लिए चेतावनी भी। उन्हें बढ़ते साइबर खतरों के बीच अब सुरक्षा उपाय के लिए नए कदम उठाने होंगे। अंतरजाल की दुनिया में आंख मूंद कर किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जरा-सी लापरवाही मुसीबत में डाल देती है। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत इसलिए भी है, क्योंकि आज के दौर में सभी गतिविधियां मोबाइल, लैपटाप अथवा कंप्यूटर में केंद्रित हो गई है। लोग अपने से संबंधित कई संवेदनशील जानकारियां मोबाइल में रखते हैं। एक रपट के अनुसार, वास्तविक बैंकिंग वेबसाइट की हूबहू नकल वाली वेबसाइट तैयार कर ग्राहकों को भ्रमित किया जाता है। किसी अनजान लिंक पर पहुंचते ही साजिशों की घेराबंदी शुरू हो जाती है। मोबाइल 'स्पाइवेयर' से भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं की निजी जानकारियां गुप्त तरीके से चुरा लेता है। सबसे बड़ा खतरा वित्तीय धोखाधड़ी का है। आज जब पूरी बैंकिंग मोबाइल में सिमट गई है, तो ऐसे में यह सेंधमारी किसी को कभी भी संकट में डाल सकती है। कई बार लोग कुछ ऐप डाउनलोड कर लेते हैं। ताजा रपट में आगाह किया गया है कि कोई दो सौ से अधिक ऐप सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक हैं। ऐसे में लोगों की सजगता ही सुरक्षा की दीवार साबित हो सकती है, मगर सरकार को भी एक ठोस तंत्र बनाने की जरूरत है।

## बेघरों के रैन बसेरा को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

हर वर्ष समूचे देश में जब कड़ाके की ठंड पड़ने लगती है, तब ठिठुरते और इसकी वजह से लोगों की मौत होने की खबरें भी आती हैं। इस मसले पर सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील लोग और संगठन चिंता जताते हैं तथा सरकार भी इससे सहमत होती है। मगर यह विचित्र है कि ठंड की मार का सामना करने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार कोई ऐसा दीर्घकालिक उपाय करती नहीं दिखती, ताकि किसी की मौत, हादसे या मौसम की वजह से होने वाली घटना में सिमट कर न रह जाए। दिल्ली और अन्य राज्यों में ऐसे लोगों की खासी संख्या है, जिनके पास रहने का कोई ठौर नहीं है और ठंड के चरम दौर में जब तापमान में काफी गिरावट हो जाती है, तब उनके लिए वक्त काटना और खुद को बीमारी और मृत्यु से बचा लेना एक बड़ी चुनौती होती है। कहने को सरकार की ओर से रैन बसेरे जैसी जो सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं, उसकी सीमाओं के बीच लोग अपने स्तर पर ठंड का सामना करते हैं। इसके बावजूद कई लोगों की जान चली जाती है। सवाल है कि इस हकीकत के बदस्तूर कायम रहने के बीच सरकार का दायित्व क्या है? घनघोर जाड़े के दिनों में बेघर लोगों के लिए आश्रय गृहों या रैन बसेरों की उपलब्धता सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है? गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भी चिंता जताते हुए कहा कि बहुत जल्दी ठंड बढ़ने वाली है। इसलिए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड यानी डीएएसआइबी यह जानकारी पेश करे कि मौजूदा समय में जो आश्रय गृह हैं, वहां कितने लोगों को ठहराया जा सकता है और कितने ऐसे लोग हैं, जिन्हें इस तरह सुविधा की जरूरत पड़ सकती है। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को सर्दी की मार के मद्देनजर उपलब्ध आश्रय सुविधाओं के बारे में विस्तृत रपट देने का आदेश दिया। यह छिपा तथ्य नहीं है कि हर वर्ष जाड़ा और बेघर लोगों को ध्यान में रख कर दिल्ली सरकार की ओर जो आश्रय गृह या रैन बसेरे तैयार कराए जाते हैं, वे जरूरत के मुकाबले अपर्याप्त होते हैं।

## युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएं

**(प्रियंका सौरभ)**

*केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं।*

पिछले एक दशक में युवा भारतीय महिलाओं की आकांक्षाओं में एक परिवर्तनकारी बदलाव देखा गया है, जो उनकी बढ़ती स्वायत्तता, शिक्षा और कार्यबल में भागीदारी को दर्शाता है। यह विकास भारत के सामाजिक परिदृश्य को महत्त्वपूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित कर रहा है। उच्च शिक्षा और कौशल विकास में लड़कियों की अब लड़कों के बराबर शैक्षिक उपलब्धि है, जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक युवा महिलाएँ कक्षा 12 पूरी कर रही हैं और 26 प्रतिशत कॉलेज की डिग्री प्राप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) उच्च शिक्षा में महिलाओं के बढ़ते नामांकन पर प्रकाश डालता है, जिसमें महिला सकल नामांकन अनुपात 27.3 प्रतिशत तक पहुँच गया है। युवा महिलाएँ विभिन्न कैरियर पथों और डिजिटल कौशल प्लेटफ़ॉर्म तक पहुँच से प्रभावित होकर पेशेवर महत्त्वाकांक्षाओं को तेज़ी से प्राथमिकता दे रही हैं। स्किल इंडिया मिशन और स्टेम फ़ॉर गर्ल्स इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने तकनीकी क्षेत्रों में युवा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। विवाह की औसत आयु 2005 में 18.3 वर्ष से बढ़कर 2021 में 22 वर्ष हो गई है, जिसमें अधिक युवा महिलाएँ अनुकूलता के आधार पर साथी चुनती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाओं ने साथी चयन में अपनी बात रखी, जो 2012 में 42 प्रतिशत थी। कई युवा महिलाएँ आर्थिक स्वतंत्रता के लिए प्रयास कर रही हैं, विशेष रूप से उद्यमिता के माध्यम से, क्योंकि सरकार महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के लिए समर्थन दे रही है। उदाहरण के लिए~ नीति आयोग द्वारा महिला उद्यमिता मंच ने 10, 000 से अधिक महिला उद्यमियों के नेटवर्क को बढ़ावा दिया है। युवा महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय शासन में बढ़ती भागीदारी के साथ राजनीतिक रूप से अधिक सक्रिय हैं। ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वयं सहायता समूह सदस्यता 2012 में 10 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 18त्न हो गई। ये आकांक्षाएँ पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और मानदंडों को चुनौती दे रही हैं। जैसे-जैसे अधिक महिलाएँ करियर बना रही हैं, घरों में पारंपरिक लैंगिक अपेक्षाएँ बदल रही हैं। मनरेगा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन प्रदान करता है, जो ग्रामीण घरेलू गतिशीलता को प्रभावित करता है। अधिक शिक्षा और आय के साथ, युवा महिलाओं का अब परिवार के वित्तीय और सामाजिक निर्णयों में अधिक प्रभाव है। स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण महिलाओं को सामूहिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाया है। बाद में विवाह करने और साथी चुनने में सक्रिय भागीदारी की ओर बदलाव ने अरेंज मैरिज की पारंपरिक संरचना को चुनौती दी है। बाल विवाह में कमी और बाद में विवाह करने को प्राथमिकता देने की रिपोर्ट करता है। बढ़ती स्वतंत्रता ने सामाजिक प्रतिबंधों को चुनौती देते हुए शिक्षा या काम के लिए महिलाओं की अकेले यात्रा को सामान्य बना दिया है। 2012 में 42त्न की तुलना में अब 54 प्रतिशत महिलाएँ बस या ट्रेन से अकेले यात्रा करने में सहज महसूस करती हैं। युवा महिलाएँ पेशेवर सेटिंग्स में लैंगिक समानता के बारे में तेज़ी से मुखर हो रही हैं, कानूनी और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा दे रही हैं। पोष अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम), 2013 ने महिलाओं को कार्यस्थल के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए सशक्त बनाया है। स्वयं सहायता समूह और ग्राम सभाओं में युवा महिलाएँ शासन में महिलाओं की भूमिका पर पारंपरिक विचारों को चुनौती दे रही हैं। केरल कुदुम्बश्री मिशन महिला-नेतृत्व वाले शासन को बढ़ावा देता है, जिसने राज्यों में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित किया है। भारतीय महिलाएँ ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएँ न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएँ मानवता की प्रेरणा का स्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं। 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान जगह बनाने के लिए भारत सतत विकास लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ चला है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण करना सतत विकास लक्ष्यों में एक प्रमुखता है। वर्तमान में प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, समावेशी आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं में जन्मजात नेतृत्व गुण समाज के लिए संपत्ति हैं। प्रसिद्ध अमेरिकी धार्मिक नेता ब्रिघम यंग ने ठीक ही कहा है कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं। जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से महिलाएँ न केवल खुद को सशक्त बना रही हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की मजबुती में को भी योगदान दे रही है। सरकार के निरन्तर लगातार आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले 6-7 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूहों का अभियान और तेज हुआ है। आज देश भर में 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं। महिलाओं के पराक्रम को समझने की ज़रूरत है, जो हमें महिमा की अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएगी। आइए हम उन्हें आगे बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करें। महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण के लिए 'अमृत काल' इन्हें समर्पित हो। युवा भारतीय महिलाओं की उभरती आकांक्षाएँ भारत के सामाजिक ताने-बाने को उत्तरोत्तर रूप से परिभाषित कर रही हैं, एक ऐसे समाज को बढ़ावा दे रही हैं जहाँ लैंगिक समानता और महिलाओं की एजेंसी आदर्श बन गई है। सहायक नीतियों को सुनिश्चित करने से इस बदलाव में तेज़ी आ सकती है, जिससे समावेशी और सशक्त भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। **(लेखक स्तंभकार हैं।)**

## निरंतर मजबूत हो रही है भारतीय नौसेना

**(योगेश कुमार गोयल)**

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे। भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रुप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात् जल के देवता वरूण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी कर दिया गया।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5577

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5576

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

### वर्ग पहेली 5577



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 18 जुलाई 1996 को वर्तमान दौर की इस महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने जन्म लिया (5)
5. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी लीमा है (2)
7. भास्कर, रवि, दिनपति, सूर्य (4)
9. एक प्रकार का रासायनिक द्रव्य, शुद्ध वायु (3)
11. इसे उर्दू में हिना कहते है, रंजिका (3)
12. लार, वार्निश, साल (2)
13. पदचिन्ह, चरण, कदंब (3)
15. अकुलीनता, अधमता, दर्जुनता (3)
17. पटना से करीब 90 किमी दूर जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है(2)
18. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
19. अनुभवी, प्रवीण, सतर्क (4)
22. घेराबंदी, सीमातिकरण करना (3)
23. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)

**ऊपर से नीचे**

1. एक भारतीय टीवी अभिनेत्री व वर्तमान दौर की भाजपा महिला नेत्री (5)
2. उपासना गृह, देवालय, इबादतगाह (3)
3. तृणजाति का एक पौधा जिनके बीज से चावल निकलते है (2)
4. परेशान होना, छकना, तंग आना (7)
6. पसंदगी, इच्छा, दिलचस्पी (2)
8. करूणा, दया, तरस (3)
10. पृथ्वी पर विचरने वाले प्राणी (4)
14. हवा, सचल वायु, अलमस्त हव, नसीम (3)
16. मुगल सम्राट अकबर के एक दरबारी रत्न जिनका मूल नाम रामतनु पाण्येय था (4)
17. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट से स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
20. शिकायत, उपालंभ, गिला (3)
21. जो रिश्तें में माता की बहन पति हों (2)

### वर्ग पहेली 5576 हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | न | लैं | ड | | श | ह | द |
| रो | | गि | ल | म | | वा | र |
| जा | व | क | | र | क | म | |
| बा | ल | | | ह | ला | ह | ल |
| द | या | लु | | म | | ल | ट |
| | का | | च | | ज | | क |
| स | र | का | र | | मै | दा | न |
| ख्त | | | स | र | का | ना | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन लाभदायक है, लेकिन व्यस्त भी रहेगा। भागदौड़ ज्यादा होगी। आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको फायदा होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और अच्छा लाभ मिलेगा। निवेश के लिए भी दिन अच्छा है। भविष्य में इससे अच्छा फायदा होगा। किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने से भी लाभ होगा। आपका खर्च भी उसमें काफी हो सकता है।

### वृष
आज दिन शुभ है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करेंगे और बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा रखेंगे, जिससे लाभ होगा। नए काम में निवेश करना शुभ रहेगा। आपको अगर किसी कंपनी के शेयर खरीदने हैं तो ऐसा करने के लिए भी दिन शुभ है। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### कर्क
आज करियर में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। व्यापार बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे। लेकिन धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर विजय प्राप्त करेंगे। कोई पुराना विवाद चल रहा है तो उसमें जीत मिलेगी। धन में वृद्धि होगी। आपको कारोबार में कहीं से बकाया पेमेंट मिलने से खुशी होगी और आपके रुके कार्य बन जाएंगे। आपके धन में वृद्धि होगी। भाग्य साथ देगा।

### सिंह
आज करियर में लाभ होगा। विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य करने का मन करेगा। धार्मिक कार्यों में लाभ होगा और लोग मदद करेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शाम के बाद कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपको परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने जाने के मौके मिल सकते हैं।

### मिथुन
आज दिन शुभ है। साहस से काम करने से अच्छा लगेगा। आपको हर कार्य में माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी की सेहत बिगड़ सकती है, जिससे परेशानी होगी। फिजूलखर्ची भी हो सकती है। आप लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग आपकी बातों को गलत समझेंगे।

### कन्या
आज करियर के लिहाज से बहुत अच्छा है। आपको लाभ होगा और सम्मान भी मिलेगा। अगर आप लोन लेने की सोच रहे हैं तो आज का दिन अच्छा है। पुराने दोस्तों से मदद मिलेगी और नए दोस्त भी बनेंगे। जीवनसाथी के परिवार से भी सम्मान मिलेगा। शाम का समय आनंददायक और लाभदायक रहेगा।

### तुला
आज फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सेहत से जुड़ी परेशानी बढ़ सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में कुछ बाधाएं आ सकती हैं। अचानक से कुछ लाभ भी हो सकता है, जिससे खुशी बढ़ेगी। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए पैसों का निवेश करने के लिए दिन अच्छा है। आपको आगे चलकर लाभ के साथ तरक्की मिलेगी।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में दिन अच्छा है। हर मामले में लाभ होगा। किसी की बातों में आने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। दोपहर के बाद सफलता मिलेगी। ससुराल पक्ष से कुछ नाराजगी हो सकती है, इसलिए मीठा बोलें। आपको ऑफिस के लोगों से किसी प्रकार के विवाद में पड़ने से बचना चाहिए। वरना आपका पूरा दिन खराब हो सकता है। ध्यान से काम करें और अपनी सेहत पर ध्यान दें।

### मकर
आज कुछ अनचाहे खर्चे भी आपको करने पड़ सकते हैं। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। नए काम में निवेश करने से आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। धन के मामले में आपको लाभ होगा और किस्मत आपका साथ देगी। आपके परिवार के लोगों से आपको हर प्रकार की मदद प्राप्त होगी।

### कुंभ
आज किसी विवाद का हल निकलेगा। मिलनसार स्वभाव से फायदा होगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा, जिससे मनोबल बढ़ेगा। रात में परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। घर में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। कोई आपके घर में मिलने आ सकता है। आपको लाभ के साथ तरक्की हासिल होगी और आपके धन में वृद्धि होगी। आपको सफलता प्राप्त होगी और भाग्य का साथ मिलेगा।

### धनु
आज दिन भाग्यशाली है। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बच्चों की सफलता से खुशी होगी। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। नाना-नानी के परिवार से अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी शान-शौकत पर खर्च करेंगे, जिससे आपके दुश्मन परेशान होंगे। माता-पिता का ध्यान रखें, आपका दिन अच्छा बीतेगा और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

### मीन
आज दिन अच्छा है। सोच-समझकर नए काम करेंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। परिवार वाले नुकसान पहुंचा सकते हैं। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और नौकर-चाकरों से सुख मिलेगा। शाम से रात तक मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा भी हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। आपको कहीं निवेश करना है तो कर सकते हैं। इस काम के लिए दिन काफी अनुकूल है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद एयरफोर्स स्टेशन के ऊपर दिखा संदिग्ध विमान, जांच में जुटी में वायुसेना

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद स्थित एयरफोर्स स्टेशन के आसपास शनिवार रात को एक छोटा संदिग्ध विमान नजर आने से हलचल मच गई है। स्थानीय लोगों ने जब विमान को चक्कर लगाते देखा तो उसकी तस्वीरें ले ली। लोगों ने इन तस्वीरों के साथ तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई और जांच में जुट गई। यही नहीं इस बारे में एयरफोर्स स्टेशन के वायुसेना अधिकारियों को भी जानकारी दी गई। इसके बाद वायुसेना की ओर से भी जांच शुरू कर दी गई। अभी तक जांच में सुरक्षा चूक जैसा गंभीर मामला निकलकर सामने नहीं आया है। एयरफोर्स स्टेशन के आसपास आबादी वाला इलाका है, इसलिए कौतूहल बना हुआ है।सूत्रों की मानें तो शनिवार देर रात कुछ स्थानीय लोगों ने अपने घर की छत से एयरफोर्स स्टेशन के ऊपर और आसपास एक छोटे विमान को चक्कर लगाते देखा था। विमान काफी देर से स्टेशन का चक्कर लगा रहा था। कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन से फोटो-वीडियो बनाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस की ओर से तुरंत इसकी जानकारी एयरफोर्स स्टेशन के उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद वायुसेना भी जांच में जुट गई। दूसरे दिन रविवार को एयरफोर्स स्टेशन के ऊपर और आसपास एक विमान के चक्कर लगाने की बातें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगीं। इस बीच डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह ने पूरे प्रकरण पर कहा कि अभी तक की जांच में किसी संदिग्ध विमान के उड़ने की बात सामने नहीं आई है। वायुसेना के अधिकारियों की ओर से भी जांच की गई। इस जांच में भी कुछ संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आया है। ऐसा भी हो सकता है कि कोई ड्रोन उड़ रहा हो। फिलहाल विभिन्न पहलूओं पर जांच की जा रही है।

### महिला को रास्ते में रोककर किया सम्मोहित; पोते के मर्डर की धमकी देकर मोबाइल-जेवर लूटे

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद नगर कोतवाली क्षेत्र में बदमाशों ने पोते की हत्या की धमकी देकर महिला से मोबाइल तथा जेवर लूट लिए। पुलिस अधिकारी का कहना है कि केस दर्ज कर बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। गौतमबुद्धनगर के चिपियाना स्थित पंचशील कॉलोनी में रहने वाले संदीप तोमर का कहना है कि बीते 4 दिसंबर को उनकी मां रानी तोमर अपने तीन वर्षीय पोते हर्षित के साथ नगर कोतवाली क्षेत्र के न्यू कोटगांव में मामा के घर जा रही थीं। जीटी रोड स्थित राकेश मार्ग कट पर ऑटो से उतरकर वह अंदर गली में जा रही थीं। उसी समय एक युवक वहां पहुंचा और उनसे बालाजी मंदिर का रास्ता पूछने लगा। इसी दौरान पीछे से दूसरा युवक वहां पहुंचा और कुछ जलाकर उनकी मां को सम्मोहित कर दिया। बदमाश उनकी मां को स्विस होटल के पास बंद पड़े पेट्रोल पंप पर ले गए। इसके बाद उन्होंने पोते की हत्या की धमकी देकर महिला से सोने की चेन, लॉकेट, सोने के तार जड़ा रुद्राक्ष, सोने के कुंडल और मोबाइल लूट लिया। संदीप का कहना है कि इस पूरी घटना को दो बदमाशों ने अंजाम दिया, जबकि उनकी तीसरा साथी कुछ दूरी पर खड़े होकर निगरानी कर रहा था। वहीं, गाजियाबाद के न्यू पंचवटी कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति को अनजान लिंक पर क्लिक करना भारी पड़ गया। क्लिक करते ही खाते से साढ़े 38 हजार रुपये साफ हो गए। घटना का पता लगने पर पीड़ित ने नगर कोतवाली में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि जालसाज को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हरियाणा के सोनीपत में पुलिसकर्मी पर हमला


**सोनीपत, एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत जिले में पुरानी रंजिश के चलते एक पुलिस कर्मी पर तेज़ धारदार हथियार से कथित रूप से हमला करके उसे जख्मी कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पीड़ित को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रवक्ता के मुताबिक, पीड़ित हरीश ने बताया है कि वह सात दिसंबर को अपनी ड्यूटी खत्म कर के घर जा रहा था और रात करीब दस बजे वह सोहटी - बहादुरगढ़ चौक पर वाहन का इंतजार कर रहा था तभी एक कार से बिंटू व चीनू नामक व्यक्ति आए जो उसके ही गांव के रहने वाले हैं। हरीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके परिवार का बिंटू और चीनू के परिवार से दो साल से विवाद है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, हरिश ने बताया कि चीनू ने अपने हाथ में कोई धारदार हथियार ले रखा था।

# बर्फबारी के बाद झूमे सैलानी, पर्यटन स्थलों पर बढ़ी रौनक; ऑक्यूपेंसी में इजाफा

**शिमला, एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश में हुई ताजा बर्फबारी के बाद एकाएक सैलानियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। रविवार को देर शाम शिमला के रिज मैदान पर बर्फ के फाहे गिरते ही सैलानी झूम उठे। बर्फबारी के बाद आने वाले दिनों में प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का जमावड़ा लगने की उम्मीद है। हालांकि, निचले इलाकों के लोग बारिश और बर्फबारी का इंतजार करे रहे हैं। क्रिसमस से पहले हिमाचल में हुई बर्फबारी से पर्यटन कारोबार में बूम आने की उम्मीद है।

आने वाले दिनों में वीकेंड के अलावा हफ्ते के अन्य दिनों में भी सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को बर्फबारी के बाद कुफरी में सफेद चादर बिछ गई। शिमला की जाखू चोटी और रिज मैदान पर सहित अन्य क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के बाद सैलानियों ने खूब मस्ती की। शनिवार को शिमला और मनाली में 60 फीसदी, कसौली में 70 फीसदी, चायल और



धर्मशाला में 40 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी रही। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश में आज भी बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। राजधानी में इस सीजन की पहली बर्फबारी ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के छात्रावासों में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया। शाम के 9 : 30 बजे जैसे ही परिसर में बर्फ गिरनी शुरू हुई, छात्र-छात्राएं अपने कमरों से बाहर निकलकर बर्फबारी का आनंद लेने लगे। छात्र बर्फ में खेलते उन्होंने अपने दोस्तों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और इस पल को कैमरे में कैद किया। छात्रावासों के आसपास की पहाड़ियों और परिसर में जमी सफेद बर्फ ने प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ा दिया। ठंड से बचने के लिए छात्र गर्म कपड़ों और जैकेट में लिपटे रहे। एचपीयू के छात्रों के लिए यह बर्फबारी एक यादगार अनुभव बन गई, जहां पढ़ाई के साथ-साथ प्रकृति के इस खूबसूरत नजारे का आनंद लेने का मौका मिला। बर्फ पड़ने के साथ ठंड को देखते हुए छात्र वापिस छात्रवास चले गए। जिसके बाद प्रदेश विश्वविद्यालय के परिसर के ऊपर बर्फ की चादर जम गई। शिमला जिले में रविवार शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली। बर्फ के फाहे गिरने से बागवानों-किसानों को कृषि कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी है। वहीं रिज पर सैलानियों ने बर्फ के फाहों के बीच जमकर मस्ती की। जिले के अधिकतर इलाकों में बारिश न होने के चलते रबी की फसल का कार्य रुका हुआ है। किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश-बर्फबारी होने के बाद बगीचों में सर्दियों मे लगने वाले सेब सहित स्टोन फ्रूट की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम खुलने के बाद बागवान बगीचों में तौलिए बनाने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

## प्रसूताओं की मौत का मामला : सीएम सिद्धारमैया की पीड़ित परिवारों को 5 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**बल्लारी, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेल्लारी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र में प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण जान गंवाने वाली पांच महिलाओं के परिजनों को रविवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की. बेल्लारी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमसीआरसी) में पिछले एक महीने में



कम से कम पांच प्रसूताओं की मौत हो गई थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कर्नाटक के औषधि नियंत्रक उमेश एस. के निलंबन का आदेश दिया. इसके अलावा पश्चिम बंगाल स्थित उस कंपनी के खिलाफ मुकदमा चलाने का भी निर्णय लिया गया है जिस पर घटिया 'रिंगर लैक्टेट' घोल की आपूर्ति किए जाने का आरोप है. शरीर में पानी की मात्रा को बहाल करने के लिए 'रिंगर लैक्टेट' का प्रयोग किया जाता है.

बल्लारी जिले के संदूर में 'जन कल्याण समावेश' (लोक कल्याण सम्मेलन) कार्यक्रम में सीएम सिद्धारमैया ने कहा, ''बेल्लारी अस्पताल में पांच महिलाओं की मौत हो गई है. मैंने एक बैठक की और ऐसा लगता है कि घटिया दवाएं दी गई थीं. उन्होंने कहा कि मैंने दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी, लेकिन पीड़ितों के परिवार अधिक राशि की मांग रहे हैं. इस वजह मैं उन्हें पांच लाख रुपये देने की घोषणा करता हूं.'' बता दें कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन हाल में हुए विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार अन्नपूर्णा तुकाराम के जीतने होने पर संदूर के लोगों का धन्यवाद जताने के लिए किया गया था.

## नोएडा में बरौला की 12 ऊंची इमारतों को तोड़ने के लिए अंतिम चेतावनी, 15 दिन का दिया गया समय

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा के बरौला में स्थित करीब 12 ऊंची इमारतों को तोड़ने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने अंतिम नोटिस जारी कर दिया है। इनके मालिकों को 15 दिन में अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। पक्ष नहीं रखने या प्राधिकरण के संतुष्ट नहीं होने पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। ये इमारतें अवैध रूप से बिना प्राधिकरण की मंजूरी के बन गई हैं। इनमें कई नामी शोरूम भी खुल चुके हैं।

शहर में सरकारी जमीन पर काफी संख्या में ऊंची इमारतें बन चुकी हैं। शहर के 50 से अधिक गांवों में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से इमारतें खड़ी हो चुकी हैं। एक-दो मंजिल बन जाने पर नोएडा प्राधिकरण अपने स्तर से इनको गिरा देता है। इससे अधिक ऊंची बन जाने पर सीलिंग के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है। ऐसे में इस साल के शुरुआत में ऊंची इमारतों को तोड़ने के लिए एजेंसी चयन करने को टेंडर जारी किया गया। इसके लिए सबसे पहली शुरुआत प्राधिकरण के वर्क सर्किल-3 के जरिये की गई। वर्क सर्किल-3 ने टेंडर जारी किया। मई में टेंडर प्रक्रिया के तहत आर चावला नामक एजेंसी का चयन किया गया। बरौला गांव में हनुमान मंदिर की तरफ स्थित करीब 12 इमारतों को तोड़ने का जिम्मा दिया गया। इस साल मई में एजेंसी का चयन करने के बाद प्राधिकरण ने मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया। इस बीच संबंधित इमारतों के मालिक सूरजपुर स्थित कोर्ट चले गए। कोर्ट ने प्राधिकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी। इसके साथ ही आदेश दिया कि संबंधित इमारत के मालिकों का पक्ष सुनें। इसके बाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। अब प्राधिकरण ने मालिकों को अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि 15 दिन में साक्ष्यों के साथ अपना पक्ष रखें। अधिकारियों ने बताया कि मालिकों के सामने नहीं आने या उनके पक्ष से संतुष्ट नहीं होने पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर फोर्स मांगी गई है। जिन इमारतों के मालिकों को नोटिस जारी किया गया है वे बरौला में हनुमान मूर्ति के आसपास मुख्य सड़क पर बनी हुई हैं। उनमें से कई नाले के किनारे हैं। इसके साथ ही अवैध इमारतें भी हैं। नियमों को ताक पर रखकर यहां इमारतें खड़ी कर दी गईं। इन इमारतों का निर्माण पिछले डेढ़-दो साल में हुआ है।

## भारत दर्शन यात्रा पर उत्तराखंड की विशिष्टता के बारे में बताएं मेधावी छात्र –छात्राएं : मुख्यमंत्री

निज संवाददाता | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को शिक्षा निदेशालय, नानूरखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में हाईस्कूल परीक्षा 2024 के टॉपर 157 छात्र – छात्राओं के दल को भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण यात्रा पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी छात्र- छात्राएं भ्रमण कार्यक्रम के दौरान देशवासियों को उत्तराखंड की विशिष्टता से भी परिचित कराने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में शिक्षा विभाग ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के ब्लॉक स्तर पर मेधावी छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम शुरु कर दिया है। इसके तहत हाईस्कूल परीक्षा 2024 के कुल 157 विद्यार्थियों के दल को सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड आज ऐसे निर्णय ले रहा है जो पूरे देश के लिए बेस्ट प्रैक्टिस साबित हो रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नौ नवंबर के संबोधन में इन निर्णयों का उल्लेख



कर राज्य सरकार को प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री ने इसे उत्तराखंड में विकास का महायज्ञ करार दिया है। इसी क्रम में अब प्रदेश सरकार बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र – छात्राओं को देश के विभिन्न राज्यों के एतिहासिक, शैक्षिक महत्व वाले स्थलों के भ्रमण पर भेज रही है। पहला दल आज हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली के एतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ये भ्रमण उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में नया अध्याय जोड़ेगा। छात्र – छात्राएं इस दौरान जहां भी जाएंगे, वहां उत्तराखंड के ब्रांड अम्बेसडर के तौर पर खुद को पेश करें। इसलिए सभी छात्र – छात्राएं उत्तराखंड की पवित्र नदियों, देवस्थानों, मौसम, पयर्टन स्थलों के बारे में जानकारी लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि शीतकाल के लिए चारधामों के कपाट बंद होने के बाद अब शीतकालीन प्रवास स्थल पर भगवान के दर्शन हो सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार शीतकालीन यात्रा प्रारंभ कर चुकी है। दल में शामिल छात्र – छात्राएं इस बात की जानकारी दे सकते हैं कि शीतकालीन गद्दी पर भी लोग दर्शन कर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम छात्र – छात्राओं की सोच और व्यक्तिव विकास को नया आयाम देगा। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि बच्चों के भ्रमण से प्राप्त अनुभव भी लिए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय भाषा सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विविधता में एकता का उदाहरण पेश करता है। भारतीय भाषा सप्ताह हमारे अंदर भारतीयता का गौरव भाव पैदा करेगा। उन्होंने महाकवि सुब्रमण्यम भारती का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऐसे अनेक नायको से परिचित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड वासियों से जो नौ आग्रह किए हैं, उसमें अपनी क्षेत्रीय बोली भाषा का संरक्षण भी शामिल है। इसलिए सभी मेधावी अपनी बोली भाषा संस्कृति का भी संरक्षण करें। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विद्या समीक्षा केंद्र का दूसरे चरण करने और निदेशालय में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाली निर्माण की भी घोषणा की है। शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि पहली बार कोई राज्य सरकार अपने प्रदेश में ब्लॉक स्तर के टॉपर दो - दो बच्चों के लिए इस तरह का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम शुरू कर रही है। इस दौरान मेधावी आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम के साथ ही वहां के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों से भी मिलेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अपार आईडी तैयार करने में भी उत्तराखंड देश के टॉप 10 राज्यों में शामिल है। अब तक राज्य में 45 प्रतिशत छात्र –छात्राओं की अपार आईडी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षिक सत्र से सरकार सभी छात्र छात्राओं का निशुल्क पाठ्य पुस्तकों की तर्ज पर कॉपियां भी प्रदान करेगी।

## मुख्यमंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों की समीक्षा की

निज संवाददाता | देहरादून

उत्तराखण्ड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए सभी आवश्यक तैयारियां बेहतर और व्यवस्थित तरीके से की जा रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को राजीव गांधी अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस आयोजन को न केवल प्रदेश की खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया बल्कि इसे उत्तराखण्ड को खेल भूमि के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी एक मील का पत्थर बताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों के लिए सभी सुविधाएं उच्च गुणवत्ता वाली और सुगम होनी चाहिए। प्रत्येक विभाग से एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाए ताकि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलें। उन्होंने कहा कि खेलों के दौरान खानपान, परिवहन, आयोजन स्थल की पहुंच और अन्य व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय खेलों की



व्यवस्थाओं की प्रत्येक दिन समीक्षा की जाए और खेल मंत्री समय-समय पर इन तैयारियों की निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजन स्थलों पर चिकित्सा सुविधाओं का पुख्ता प्रबंध किया जाए और किसी भी आपात स्थिति का सामना करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों और सिक्योरिटी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष कदम उठाए जाएं और प्लास्टिक के उपयोग को सीमित किया जाए। भारतीय ओलंपिक संघ से गठित गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी की अध्यक्ष सुनैना कुमारी ने बताया कि अवस्थापना सुविधाओं का तेजी से विकास हो रहा है और हर स्टेडियम का ट्रायल पहले से ही सफलतापूर्वक किया जाएगा। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या, विधायक उमेश शर्मा काऊ, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि आयोजन स्थलों पर फायर सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए और हर विभाग अपनी जिम्मेदारी के अनुसार व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करें। सड़क कनेक्टिविटी, स्वच्छता और खेल आयोजन स्थलों पर सभी बेहतर व्यवस्थाओं पर विशेष बल दिया गया। खेलों के दृष्टिगत प्रत्येक खेल स्थल पर चिकित्सकीय सहायता के साथ-साथ जल और शौचालय की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। उत्तराखण्ड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों का आयोजन 'ग्रीन गेम्स' की थीम पर किया जा रहा है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों पर आने-जाने वाले आगुंतकों के लिए पेयजल एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन में प्रदेश की जनता का समर्थन आवश्यक है। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। हर संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारी के साथ खेल आयोजन की बेहतर तैयारी करें। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि खेल उपकरणों की खरीद में गुणवत्ता और मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। इस आयोजन को सफल बनाने में जिलाधिकारियों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी और उनके नेतृत्व में सभी व्यवस्थाओं का समन्वय स्थापित किया जाएगा।

## नाइट ड्यूटी के दौरान पुष्पा 2 देखने पहुंचे एसीपी, पुलिस कमिश्नर ने लगाई फटकार

**चेन्नई, एजेंसी।**

तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में 7 दिसंबर यानी शनिवार को रात में गश्त के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सेंथिल कुमार को ड्यूटी का उल्लंघन करते हुए पुष्पा-2 देखते हुए पकड़ा गया. उन्हें उस समय फिल्म देखते हुए पकड़ा गया डीआईजी और शहर के पुलिस आयुक्त (प्रभारी) मूर्ति की देखरेख में महिला निरीक्षक नेल्लई शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर रही थीं. सेंथिल कुमार, जिन्हें नेल्लई टाउन, नेल्लई जंक्शन, पलायमगोट्टई और मेलापलायम जैसे क्षेत्रों में गश्त की देखरेख करनी थी, वोडियारपट्टी क्षेत्र के एक सिनेमा हॉल में पाए गए. वहीं, उनकी महिला इंस्पेक्टरों टीम उनकी निगरानी के बिना गश्त कर रही थी।

यह घटना तब प्रकाश में आई जब नेल्लई पुलिस आयुक्त मूर्ति जो गश्त की निगरानी कर रहे थे. उन्होंने माइक पर सेंथिल कुमार से संपर्क करने की कोशिश की. जब 15 मिनट तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो नियंत्रण कक्ष ने उनसे संपर्क करने के कई प्रयास किए, आखिरकार सेंथिल कुमार ने




जवाब दिया और झूठा दावा किया कि वह थाचनल्लूर क्षेत्र में हैं. इसके बाद स्थिति से पहले से ही अवगत मूर्ति ओपन माइक पर ही सेंथिल कुमार पर उनके गैर-जिम्मेदाराना कार्यों के लिए सार्वजनिक रूप से उन्हें फटकार लगाई. उन्होंने कहा, आप रात की ड्यूटी के दौरान थिएटर में बैठकर फिल्म देख रहे हैं, जबकि सभी महिला निरीक्षक गश्त पर हैं. क्या यह जिम्मेदाराना व्यवहार है? यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में इंस्पेक्टर गोपालकृष्णन पर हमले की कोशिश हुई थी. बता दें कि ड्यूटी के दौरान पेट्रोल बम फेंकने वाले गिरोह ने उन्हें निशाना बनाया था।

नई दिल्ली में बिहार के नाटकों की धूम

# गबर घिचोर में दिखा ग्रामीण जीवन, अंतिम दिन रश्मिरथी का मंचन

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

श्री राम सेंटर ऑडिटोरियम में चल रहा पांच दिवसीय नाट्य महोत्सव अपने समापन की ओर है। बिहार की चर्चित नाट्य संस्था प्रवीण सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित इस नाटक महोत्सव को लेकर नाट्यप्रेमियों में खासा दर्शक उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में 9 दिसंबर को भिखारी ठाकुर लिखित नाटक गबर घिचोर का मंचन किया गया। आयोजन के अंतिम दिन 10 दिसंबर को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर लिखित नाटक रश्मिरथी की प्रस्तुति की



जाएगी। नाटक की प्रस्तुति शाम 6.30 से किया जा रहा है। गबर घिचोर नाटक में ग्रामीण जीवन को मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया गया। नाट्यप्रेमियों की भागीदारी को देखकर आयोजन समिति ने रश्मिरथी की प्रस्तुति को लेकर खुशी जाहिर की है। इस नाटक में मंच पर कर्ण की भूमिका हेमंत माहौर और कुंती का किरादार लक्ष्मी मिश्रा अदा कर रही हैं। वहीं इंद्र की भूमिका राजू मिश्रा और डॉ कुमार विमलेंदु सिंह, श्रीकृष्ण के रुप में मंच पर होंगे। इसकी परिकल्पना एवं निर्देशन विजयेंद्र कुमार टांक द्वारा की जाएगी। रश्मिरथी महाकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' द्वारा रचित एक प्रसिद्ध काव्य है। यह काव्य महाभारत के भीष्म पर्व पर आधारित है, जिसमें कर्ण की जीवन गाथा को दर्शाया गया है। काव्य में कर्ण के संघर्ष, उसकी निष्ठा, और समाज के प्रति उसकी भूमिका को प्रमुखता से चित्रित किया गया है। प्रवीण सांस्कृतिक मंच की ओर से 35 सदस्यों की टीम बिहार के वरिष्ठ रंग-निर्देशक विज्येंद्र टॉक के नेतृत्व में नाटयोत्सव में अपने अभिनय के दम पर लोगों का हतप्रभ कर रहे हैं। बिहार के चर्चित रंगकर्मी प्रवीण की स्मृति में प्रवीण सांस्कृतिक मंच द्वारा 13 वर्ष से लगातार रंगमंच को नया आयाम देने की कोशिश जारी है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि बिहार से किसी नाट्य संस्था ने देश की राजधानी दिल्ली में कोई महोत्सव आयोजित किया हो। बिहार की कला और लोकसंस्कृति की गूंज पूरे हिंदी भाषी रंगपटल पर एक अलग छाप छोड़ती है। खासकर बिहार की बिदेसिया नाट्य शैली देशभर में चर्चित है। बिहार की कई लोकनृत्य शैली यहां की गौरवशाली परंपरा की गवाह है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस में एसआई भर्ती के लिए उम्र सीमा में दी जाए ढील : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर, एजेंसी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर सरकार पुलिस उप-निरीक्षक पदों के लिए उम्मीदवारों को आयु में छूट देगी क्योंकि 2019 से भर्ती में देरी हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अभ्यार्थियों की आयु में छूट एक वैध मांग है। महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''भ्रष्टाचार और परीक्षा रद्द होने के कारण 2019 से भर्ती में देरी के कारण अनगिनत जेकेपीएसआई उम्मीदवार अंधकारमय भविष्य की ओर देख रहे हैं। आयु में छूट एक वैध मांग है और मुझे उम्मीद है कि इसे तुरंत मंजूरी मिल जाएगी।''

उन्होंने पोस्ट में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को टैग किया। पुलिस उपनिरीक्षकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 2022 में आयोजित की गई थी, लेकिन अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद चयनित उम्मीदवारों की सूची रद्द कर दी गई थी। कथित अनियमितताओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया गया और एजेंसी ने मामले में एक बीएसएफ अधिकारी सहित 24 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

# भारत के कुश मैनी ने फॉर्मूला2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

**अबुधाबी, एजेंसी।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा।



वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैनी के लिए फार्मूला2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है।

इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।

# गेंदबाजी के बाद अब बल्लेबाजी में भी छाए शमी

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेली 32 रन की शानदार पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को बेंगलुरु में चंडीगढ़ के खिलाफ चल रहे सैयद मुश्ताक अली प्री क्वार्टर फाइनल में बंगाल के लिए 17 गेंदों में नाबाद 32 रनों की शानदार पारी खेली। शमी ने डेथ ओवरों में चंडीगढ़ के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए तीन चौके और दो शानदार छक्के लगाए। 16वें ओवर में जब बंगाल का स्कोर 8 विकेट पर 114 रन था, तब शमी आए और उन्होंने तलवार की तरह अपना बल्ला घुमाया और विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई।

उनकी पारी 188.24 के शानदार स्ट्राइक रेट से आई और उन्होंने बंगाल को मुश्किल स्थिति से 9 विकेट पर 159 रन तक पहुंचाया।




शमी बंगाल के लिए खेल में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि करण लाल ने 25 गेंदों में 33 रन की पारी खेली।

प्रदीप्त प्रमाणिक ने 24 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि रितिक चटर्जी ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाए, जिसमें चंडीगढ़ द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद बंगाल ने 159 रन बनाए। शमी के ऑस्ट्रेलिया में चल मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

हालांकि अनुभवी खिलाड़ी को अभी भी एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है, जो औपचारिकता का मामला है।

**खो-खो विश्व कपः**

# मेजबानी के लिए तैयार भारत मंगलवार से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने भारत की मेजबानी में खो-खो विश्व कप का आयोजन होना है। इससे पहले भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई), भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का फैसला लिया है। सोमवार को केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्रदर्शन के आधार पर खो-खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 पुरुष खिलाड़ी और इतने ही महिला खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए चयन किया जाएगा।

## मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे प्रशिक्षण शिविर की देखरेख

भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार यानी 10 दिसंबर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर की देखरेख भारतीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे।

इसमें देश भर से चुने गए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अनुभवी और नए युवा खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि बारीकियां सिखाई जाएंगी।

## प्रशिक्षण के साथ-साथ खिलाड़ियों को ये सुविधाएं भी देगा केकेएफआई

खो-खो विश्व कप का आयोजन 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी।

सभी खिलाड़ियों को निशुल्क आवास सुविधा तथा 20,000 रुपये के मूल्य की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी।



# टाटा स्टील 25 के: पुरुषों में गुलवीर-सवाण और महिलाओं में संजीवनी करेंगी भारत का नेतृत्व, रविवार को प्रतियोगिता

**कोलकाता, एजेंसी।** टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस में इस बार पुरुषों का नेतृत्व 10000 मीटर और 5000 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और डिफेंडिंग चैंपियन सवाण बरवाल करेंगे। जबकि महिलाओं में फॉर्म में चल रही संजीवनी जाधव भारतीय एलीट महिलाओं की श्रेणी का नेतृत्व करेंगी। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस 15 दिसंबर होगा। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के को इस दूरी पर विश्व का पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता की एलीट में 27 पुरुष जबकि 13 महिलाएं आगामी रविवार कोलकाता के रेड रोड में मुकाबला करेंगी।

आराम कोलकाता सोनार कोलकाता हैस टैक के तहत रन का आयोजन किया जा रहा है। भारत के कुछ बेहतरीन एथलीट्स इस यूएस डॉलर 142,214 पुरस्कार राशि वाली रेस में केंद्र में होंगे। भारतीय एलीट पुरुषों और महिलाओं के विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि होगी, जिसमें प्रत्येक रेस के पहले तीन स्थान पर आने वालों को क्रमशः 2,75,000, 2,00,000 और 1,50,000 रुपए मिलेंगी। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए भी मिलेगा। उल्लेखनीय है कि आविनाश साबले के पास भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड है, जिसका समय 1¬15¬17 है, और एल. सुरिया के पास भारतीय एलीट महिलाओं का रिकॉर्ड है, जिसका समय 1:26:53 है।

**फॉर्म में चल रहे हैं गुलवीर**

पुरुषों की मजबूत टीम का नेतृत्व वर्तमान में सनसनी बने हुए गुलवीर सिंह करेंगे, जो शानदार फॉर्म में हैं। वे वर्तमान 5000 मीटर (13¬11¬82) और 10,000 मीटर (27¬14¬88) के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, और हाल ही में हांगकांग में आयोजित 17वें एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल भी जीत चुके हैं।

**जूनियर महिला हॉकीः**

# एशिया कप के पहले मैच में भारत की जीत, बांग्लादेश को 13-1 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। मुमताज खान के चार गोल के अलावा कनिका सिवाच और दीपिका की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने रविवार को महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश को 13-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूल ए के मैच में विजेता टीम के लिए मुमताज (27वें, 32वें, 53वें, 58वें), कनिका (12वें, 51वें, 52वें), दीपिका (7वें, 20वें, 55वें), मनीषा (10वें), ब्यूटी डुंग डुंग (33वें) और उप कप्तान साक्षी राणा (43वें) ने गोल दागे जबकि बांग्लादेश की ओर से ओरपिता पाल (12वें) ही एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और आराम से जीत दर्ज की।

भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम को विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा।



# साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 109 रन से हराया

सीरीज 2-0 से जीती, बावुमा प्लेयर ऑफ द सीरीज

केनबरा, एजेंसी। साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को 109 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टेम्बा बावुमा की टीम ने 348 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका 238 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत थी। जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए थे। लेकिन टीम अपने कल के स्कोर 205 रन में मात्र 33 रन जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। प्रोटियाज टीम से केशव महाराज ने 5 विकेट लिए।

डेन पैटरसन ने मैच में 7 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं 2 मैच में 327 रन बनाने वाले कप्तान बावुमा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।


श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे। सिल्वा ने 92 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 46 रन बनाए। आखिरी के 4 बल्लेबाज मिलकर 15 रन ही जोड़ सके। स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

**बावुमा ने फिफ्टी लगाई**

चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 191/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई।

**चेसः**

# गत चैंपियन लिरेन के खिलाफ बढ़त बनाने के बाद आया गुकेश का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया।

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराने के बाद रविवार को कहा कि पहली बाजी गंवाने के बाद उन्होंने मानसिक मजबूती दिखाई जिससे वह पलटवार करके वापसी करने में सफल रहे। गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया और इसके बाद अच्छी शतरंज खेली।

गुकेश पहली बाजी हार गए थे लेकिन उन्होंने तीसरी बाजी जीत कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद लगातार सात बाजी ड्रॉ रही लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अब 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि वापसी करवाने में उनकी टीम की भूमिका बहुत अहम रही और जोखिम उठाने का अपने फायदा मिला।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा, इस बीच मुझे वापसी दिलाने के लिए मेरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया।

मैं यही सोच रहा था कि यह मुकाबला बेहद दिलचस्प है और मुझे जोखिम उठाने का भी फायदा मिला क्योंकि इससे मैंने उसे निश्चित तौर पर हैरानी में डाल दिया। गुकेश ने यह मानने से इनकार कर दिया कि चीन का खिलाड़ी 11वीं बाजी में भी ड्रॉ के लिए खेल रहा था। उन्होंने कहा, मैं नहीं मानता कि मेरा प्रतिद्वंदी अंक बांटने के लिए खेल रहा था। इस मुकाबले में वह भी कुछ अवसरों पर बेहतर स्थिति में था। यह 14 दौर का मुकाबला है और आप शुरू में ही इसे टाइब्रेक तक ले जाने की योजना नहीं बना सकते हैं क्योंकि शतरंज में गलतियां हमेशा होती हैं। यह मुकाबला अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्नर पार्क में किया बड़ा चेज

# वेस्टइंडीज ने दमदार जीत से की वनडे सीरीज की शुरुआत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम ने वॉर्नर पार्क में खेले गए पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। इस जीत को हासिल करने के लिए टीम ने वॉर्नर पार्क स्टेडियम में सबसे बड़ा चेज किया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उन्होंने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 294 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 14 गेंद रहते हुए जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने सौम्य सरकार का विकेट महज 19 रन पर खो दिया। इसके बाद लिटन दास भी दो रन बनाकर



लौट गए। यहां से तनजिद हसन और मेहदी हसन ने पारी को संभाला। तनजिद के आउट होने के बाद महमुदुल्लाह ने भी अर्धशतकीय पारी खेली और जाकेर अली के साथ भी अहम साझेदारी की। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने तीन, अल्जारी जोसेफ ने दो और जेडन सील्स ने एक विकेट हासिल किया। 295 के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 27 रन के कुल स्कोर पर ही दो विकेट खो दिए थे। ब्रैंडन किंग ने 9 और इविन लुइस ने 16 रन बनाए। यहां से कप्तान शे होप क्रीज पर टिके। उन्होंने पहले कैसी कार्टी और फिर शरफेन रदरफोर्ड के साथ अहम साझेदारी की।

# अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा कि तीसरा टेस्ट मैच खेलूंगा या नहीं: हेजलवुड

**एडिलेड, एजेंसी।** 'साइड स्ट्रेन से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने सोमवार को यहां एडिलेड ओवल में दो पूरे स्पेल गेंदबाजी करने के बाद कहा कि अगले 24 घंटे में यह पता चल जाएगा कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण यहां खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीसरे दिन ही 10 विकेट से जीत लिया था। इससे हेजलवुड को मैच की परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला।

तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। हेजलवुड ने कहा, 'मेरा तीसरे टेस्ट मैच में खेलना अगले 24 घंटे में मेरी फिटनेस की प्रगति



पर निर्भर करेगा। निश्चित तौर पर दो स्पेल गेंदबाजी करना काफी अंतर पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी कुछ छोटी-छोटी चीज हैं जिन पर प्रगति हासिल करना बाकी है लेकिन अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण है। अगले दिन फिर से गेंदबाजी करना और यह सोचना महत्वपूर्ण है कि मैं फिर से गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं।

इस अनुभवी तेज गेंदबाज का साइड स्ट्रेन का पुराना रिकॉर्ड रहा है लेकिन उन्होंने कहा कि अगर एडिलेड टेस्ट वर्तमान सत्र का आखिरी टेस्ट होता तो वह इसमें जरूर खेलते। हेजलवुड ने कहा, 'यह जरूरी नहीं है कि यह सामान्य साइड स्ट्रेन हो जिससे मैं पहले भी जूझ चुका हूं, इसलिए हम किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे।

# मोहम्मद सिराज को ट्रेविस हेड से एडिलेड टेस्ट में लड़ाई पड़ी भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मुकाबले के दौरान काफी गर्मा-गर्मी हुई. इस पिंक बॉल टेस्ट के दौरान सिराज काफी आक्रामक नजर आए. मार्नस लाबुशेन के बाद उनकी ट्रेविस हेड से भी लड़ाई हो गई थी. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के फैंस उनके पीछे पड़ गए और उन्हें चिढ़ाने लगे थे. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और मीडिया भी उनकी आलोचना करती नजर आई.

हालांकि, सिराज ने हेड के आरोपों को बाद में खारिज किया और उन्हें झूठा बताया था. अब उनकी लड़ाई का मामला आईसीसी तक पहुंच गया है और वह दोनों खिलाड़ियों पर एक्शन भी लेने वाली है.

## आईसीसी लेगी ये एक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने अब इस मामले को संज्ञान में लिया है और दोनों खिलाड़ियों को अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए बुलाया है. इस दौरान वह दोनों का पक्ष सुनेगी. हालांकि, दोनों ही खिलाड़ियों चिंता करने की बात नहीं है, क्योंकि उन्हें किसी भी तरह का सस्पेंशन नहीं झेलना पड़ेगा. रिपोर्ट के मुताबिक, जो फुटेज कैमरे में कैद हुए हैं, उसके लिए आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट में बहुत कम सजा है. बता दें एडिलेड में हुए पिंक बॉल टेस्ट के दूसरे दिन



आईसीसी लेगी एक्शन

सिराज और हेड के बीच जुबानी जंग देखने को मिली थी. हेड ने 140 रन ठोक दिए थे, जिसके बाद सिराज ने उन्हें स्विंगिंग यॉर्कर पर बोल्ड करके पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था. इसके बाद दोनों आपस में भिड़ गए थे.

हेड ने आउट होने बाद कुछ कहा, जिस पर सिराज ने रिएक्ट करते हुए कुछ बोला और ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा करते हुए सेंड ऑफ दिया. साथ ही वह एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते हुए भी दिखे थे. एडिलेड हेड का होम ग्राउंड है. इस मैदान पर उनके साथ ऐसा बर्ताव देख ऑस्ट्रेलियाई फैंस बाउंड्री लाइन पर सिराज को चिढ़ाने लगे थे.

## किसने-किसको दी गाली?

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐसा दावा किया था कि उन्होंने सिराज को अच्छी गेंद के लिए तारीफ की थी. लेकिन बदले में अपशब्द सुनने को मिला.

वहीं सिराज ने तुरंत उनकी बात को गलत ठहराया था. उन्होंने दावा किया कि पहले हेड ने गाली दी, जिसके बदले में उन्होंने भी एग्रेसिव रिएक्शन दिया. हालांकि, दोनों खिलाड़ी खेल के तीसरे दिन मामले को सुलझाते हुए नजर आए थे. सिराज ने अपनी बैटिंग के दौरान हेड से बातचीत की थी और गलतफहमी को खत्म करने की कोशिश की थी.

## न्यूज बाइट्स

### वरिष्ठ अधिवक्ता सतेन्द्र नारायण सिंह का निधन, शोक की लहर

**गोह (औरंगाबाद ) (नि. सं.)।** एक हिंदी दैनिक के पत्रकार अमरेंद्र कुमार के बड़े भाई अधिवक्ता सतेन्द्र नारायण सिंह का मंगलवार को अचानक निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। उनके निधन से उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके भाई गोपाल सिंह, संत सिंह, भोला सिंह और अमरेंद्र कुमार ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सतेन्द्र नारायण सिंह एक वरिष्ठ अधिवक्ता थे और उन्होंने अपने जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण मामलों में अपनी सेवाएं दी थीं। उनके निधन से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समाज में एक शून्य पैदा हो गया है। उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति मिले।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, दो घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद ) (नि. सं.)।** रफीगंज के बड़गांव गांव में मारपीट की घटना में प्रथम पक्ष के नरेश महतो एवं द्वितीय पक्ष के कमला देवी घायल हो गये। दोनों का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। प्रथम पक्ष से घायल के भाई जितेंद्र कुमार द्वारा थाना में आवेदन दिया। उल्लेख किया कि मेरे भाई नरेश महतो धान झरनी लेकर जा रहे थे। घर के दालान के पास पहुंचे तो रामप्रवेश महतो, रामप्रीत महतो, कमला देवी, पूनम कुमारी, नितम कुमारी सभी रास्ते में रॉड, टांगी एवं लाठी लेकर खड़े थे। जैसे ही भाई नरेश महतो पहुंचे उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तथा चैन एवं 20 हजार रुपए छीन लिया। इसी मामले में दूसरे पक्ष की बड़गांव गांव निवासी घायल कमला देवी ने आवेदन दिया।

**नबीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की हत्या का पर्दाफाश, आपसी विवाद और चुनावी रंजिश बनी वजह**

# पुलिस ने दो अपराधियों को किया गिरफ्तार

- सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी अनुसंधान ने अपराधियों को चिन्हित करने में मदद की।
- पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हत्या से पहले सभी ने संजय गिरी के घर पर बैठक की थी।
- अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।



**गिरफ्तारी**

सत्यजीत गिरी उर्फ बाबु सत्या पिता- राधेश्याम गिरी ग्राम- खम्भा थाना- माली, कमेन्द्र सिंह ग्राम- घुजा थाना-एनटीपीसी खैरा

**बरामदगी**

मोटरसाईकिल- 1, मोबाईल फोन- 2

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिले के अंकोरहा पंचायत के पूर्व पैक्स एवं नबीनगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की हत्या के पीछे आपसी विवाद और चुनावी रंजिश की गहरी साजिश उजागर हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो 30 नवंबर 2024 की शाम 7 बजे, जब संजय कुमार सिंह औरंगाबाद से अपने घर लौट रहे थे, तो सोनौरा पुल के पास घात लगाकर बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस को मामले की सूचना मिलते ही एसपी अंबरीष राहुल ने तत्काल चार थानों की टीम को मौके पर भेजा। एफएसएल टीम ने घटना स्थल और मृतक की गाड़ी से सबूत जुटाए। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया। जांच में पाया गया कि हत्या के पीछे राकेश गिरी और संजय गिरी का मास्टरमाइंड था। इन दोनों ने मिलकर न केवल घटना की साजिश रची बल्कि अन्य अपराधियों को शामिल कर इसे अंजाम दिया। 25 नवंबर 2024 को गाड़ी हटाने को लेकर मृतक और राकेश गिरी के गुट के बीच झड़प हुई थी। इस विवाद में राकेश गिरी के दो साथी जख्मी हुए थे। इसके बाद, पंचायत चुनाव में हार का बदला लेने के लिए संजय गिरी और राकेश गिरी ने हत्या की योजना बनाई।

28 नवंबर को आयोजित एक बैठक में हत्या की रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में कई प्रमुख अपराधी शामिल थे। 29 नवंबर को हत्या का प्रयास किया गया, लेकिन मृतक की सटीक लोकेशन न मिलने से यह विफल रहा। अगले दिन यानी 30 नवंबर को इसे अंजाम देने का पक्का इरादा कर लिया गया। हत्या की घटना से पहले, अपराधियों ने मृतक के मूवमेंट की जानकारी लगातार इकट्ठा की। हत्या के दिन सुबह से ही संतोष यादव और कमेन्द्र सिंह ने मृतक की लोकेशन दी, लेकिन योजना सफल नहीं हुई। शाम को जब संजय कुमार सिंह न्यायालय से लौट रहे थे, तो सत्यजीत गिरी ने चतरा मोड़ से उनकी लोकेशन साझा की। इसके बाद सोनौरा बाजार के पास कमेन्द्र सिंह ने भी लोकेशन दी। अपराधियों ने सोनौरा पुल पर घेरकर संजय कुमार सिंह पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। घटना में छह लोग शामिल थे, जो दो बाइक पर सवार थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपने अपराध कबूल कर लिए। उनकी स्वीकारोक्ति में हत्या की पूरी योजना का खुलासा हुआ। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। इस घटना के बाद अंकोरहा पंचायत और आसपास के क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पंचायत चुनाव से जुड़े इस विवाद ने एक बार फिर क्षेत्र में राजनीतिक रंजिशों की कड़वी सच्चाई को उजागर किया है। पुलिस का दावा है कि अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी और कानूनी प्रक्रिया के तहत दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

# बाइक चोरी मामले में तीन नाबालिग गिरफ्तार



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

जिले के रफीगंज पुलिस ने चोरी के बाइक के साथ तीन नाबालिक किशोर को गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की गई। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने जानकारी देते हुए बताया कि इन दिनों शहर में बाइक चोरी की घटना बढ़ रही है। इसको रोकने के लिए औरंगाबाद एसपी के निर्देशन पर एक टीम गठित कर विभिन्न जगहों पर छापामारी की गई। इस दौरान रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से तीन नाबालिग किशोर को हिरासत में लिया गया। जिसे कड़ाई से पूछताछ के बाद चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद हुई। बताया कि शहर के राजा बगीचा के पवन कुमार ने घर के बाहर लगे मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला रफीगंज थाना में प्राथमिक दर्ज करवाया था। आवेदन में बताया गया कि 3 दिसंबर 2024 की रात में उनका अपाची बाइक तीन अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। जिसके फोटो वीडियो के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई। बता दें कि शहर में करीब एक ही दिन तीन मोटरसाइकिल अलग-अलग जगह से चोरी होने का मामला सामने आया था। जिसको लेकर थानाध्यक्ष ने बताया कि चोर नई मोटरसाइकिल को चोरी कर मात्र 10 से 15 हजार में दूसरे जिला में जाकर बेच देते है। हालांकि पुलिस इस मामले में अन्य दो लोगों से पूछताछ में लगी हुई है।

## तीन देशी कट्टा, 44 जिंदा कारतूस साथ एक गिरफ्तार

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



जिले की गोह थाना पुलिस ने एसटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन अवैध हथियार व 44 कारतूस जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि रविवार को गोह के प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार को औरंगाबाद एसटीएफ द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अल्हन परासी के नंदकिशोर शर्मा अपने घर में अवैध हथियार रखे हुए है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेत प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल एवं एसटीएफ (रफीगंज) की टीम के साथ अल्हन परासी पहुंचे। नंदकिशोर शर्मा के घर की घेराबंदी करते हुए घर की विधिवत तलाशी ली गई तलाशी के क्रम एक व्यक्ति घर में उपस्थित मिला। तलाशी के दौरान अनाज के बोरा में छिपाकर रखा तीन तीन देशी कट्टा, 44 जिंदा कारतूस एवं दो खोखा बरामद किया गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम नंदकिशोर शर्मा उर्फ शंकर शर्मा बताया। उक्त देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, एवं खोखा को विधिवत जब्ती सूची तैयार कर जब्त किया गया एवं पकड़ाये व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। मामले में गोह थाना कांड सं0-357/24 दर्ज कर अग्रीम कारवाई की जा रही है। कांड के अनुसंधानकर्ता पीएसआई विवेक कुमार बनाए गए है।

## अलग-अलग ठिकानों से अवैध आर्म्स के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)**

गोह के उपहारा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में अवैध आर्म्स के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई रविवार की रात में हुई थी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि उपहारा थाना क्षेत्र के बिलारू गांव निवासी युगल यादव के पुत्र कपिलदेव यादव अपने घर में अवैध आर्म्स छिपाकर रखा हुआ हैं । पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की और एक देशी कट्टा बरामद किया। वही पुलिस ने कपिलदेव यादव को विधिवत गिरफ्तार किया है और उसके खिलाफ उपहारा थाना में कांड सं-130/24 दर्ज किया गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में शामिल पुलिस अधिकारियों में थानाध्यक्ष मनेश कुमार, गिरधर उपाध्याय, संजय कुमार यादव, निरंजन कुमार शर्मा और शिल्पी कुमारी शामिल थे। इसी प्रकार गोह पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में अवैध हथियारों के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई। रविवार की देर शाम मे हुई थी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई की अल्हन परासी गांव निवासी नंदकिशोर शर्मा उर्फ शंकर शर्मा अपने घर में अवैध हथियार / आर्म्स रखे हुए थे। पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी की और 03 देशी कट्टा, 44 जिंदा कारतूस एवं 02 खोखा बरामद किया गया।पुलिस ने नंदकिशोर शर्मा को मौक़े से गिरफ्तार किया है और उसके खिलाफ गोह थाना में कांड सं-357/24 दर्ज किया गया है। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी थानाध्यक्ष सुदीश कुमार, रंजीत कुमार, पिंकी कुमारी और अन्य शामिल थे।

## शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष आकाश राज के नेतृत्व में लुक्का गांव स्थित माया देवी के घर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 11 लीटर 880 एमएल रॉयल ब्लू व्हिस्की अंग्रेजी शराब जब्त की और माया देवी को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष आकाश राज ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि माया देवी लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार कर रही हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने रणनीति बनाकर छापेमारी की।

बिहार सरकार

उप मुख्यमंत्री
बिहार

**शुभकामना संदेश**

मुझे यह जानकर अपार हर्ष हो रहा है कि बिहार मानवाधिकार आयोग 10 दिसम्बर, 2024 को 16वां स्थापना दिवस मना रहा है। बिहार मानवाधिकार आयोग अपने स्थापना वर्ष 2008 से ही पूर्ण समर्पण भाव से अपने वैधानिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करता आ रहा है, जो प्रशंसनीय है।

मानवाधिकारों को प्रतिष्ठित करने के लिये जाति, धर्म, लिंग और वर्ग विभेद किये बिना सतत् प्रयत्नशील एवं तत्पर रहने की शुभकामनाओं के साथ मैं अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बिहार मानवाधिकार आयोग के 16वें स्थापना दिवस की बधाई देता हूँ।

(सम्राट चौधरी)

PR No.-014359 (Home)D. 2024-25

बिहार सरकार

उप मुख्यमंत्री
बिहार

**शुभकामना संदेश**

राज्य की मूल अवधारणा लोक कल्याण पर आधारित है। किसी भी राज्य का प्रमुख दायित्व राज्य में रहने वाले सभी व्यक्तियों के मानवाधिकारों का संरक्षण करना है। इसी उद्देश्य को प्राप्त करने में बिहार मानवाधिकार आयोग, सरकार के सदैव सहयोगार्थ अग्रसर है।

बिहार मानवाधिकार आयोग अपने स्थापना वर्ष 2008 से ही पूर्ण समर्पण भाव से अपने वैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा पूर्वक करता आ रहा है, जो प्रशंसनीय है। जाति, धर्म, लिंग और वर्ग विभेद किये बिना मानवाधिकारों को प्रतिष्ठित करने के लिए सतत् प्रयत्नशील और तत्पर रहने की शुभकामनाओं के साथ मैं अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस और बिहार मानवाधिकार आयोग के 16वें स्थापना दिवस पर शुभकामना ज्ञापित करता हूँ।

मुझे आशा है कि बिहार मानवाधिकार आयोग अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने में सदैव सफल रहेगा।

(विजय कुमार सिन्हा)

PR No.-014358 (Home)D. 2024-25

बिहार सरकार

अध्यक्ष
बिहार विधान सभा

**शुभकामना संदेश**

10 दिसंबर विश्व के समस्त मानव समुदाय के लिए विशेष दिन है, क्योंकि इस दिन अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के रूप में उन अधिकारों को स्मरण किया जाता है, जो किसी व्यक्ति के सम्मानजनक जीवन के लिए जरूरी है। मानवाधिकारों में भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य, अभिव्यक्ति और आजादी जैसे जीवन से जुड़े मूलभूत अधिकार शामिल हैं। मानवाधिकार गरिमा, निष्पक्षता, समानता और सम्मान जैसे मूल्यों पर आधारित है। मानवाधिकार दिवस दुनिया के लोगों को बताता है कि जाति, रंग, धर्म, लिंग, भाषा, समाज, संपत्ति और अन्य स्थितियों को आधार बनाकर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता है।

यह हर्ष का विषय है कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के दिन ही बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना की स्थापना के 16 वर्ष पूरे हो रहे हैं। अपने स्थापना वर्ष 2008 से ही बिहार मानवाधिकार आयोग राज्य के नागरिकों के मानवाधिकार के संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है। विभिन्न कार्यक्रमों और मीडिया के माध्यम से आयोग आम लोगों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करता रहा है। जनसाधारण को उनके मानवीय अधिकारों के प्रति जागरूक करने में बिहार मानवाधिकार आयोग की महती भूमिका रही है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आयोग अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहकर अपने दायित्वों का भली-भांति निर्वहन करता रहेगा। स्थापना की 16वीं वर्षगांठ पर बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

(नन्द किशोर यादव)

PR No.-014360 (Home)D. 2024-25

बिहार सरकार

**संदेश**

मुख्यमंत्री
बिहार

मानवाधिकार हर व्यक्ति का नैसर्गिक या प्राकृतिक अधिकार है। इसके दायरे में जीवन, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार आता है। इसके अलावा गरिमामय जीवन जीने का अधिकार, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार भी इसमें शामिल हैं।

मानवाधिकार का संरक्षण हमारी शासन व्यवस्था का मूल सिद्धान्त है। हमारे संविधान में भी नागरिकों के अधिकारों को मूल अधिकारों के रूप में स्वीकार किया गया है। मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत बिहार मानवाधिकार आयोग का गठन 10 दिसम्बर 2008 को किया गया है। राज्य सरकार मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए सदैव प्रयासरत एवं दृढ़ संकल्पित है। "**न्याय के साथ विकास**" का मूलभूत सिद्धांत मानवाधिकारों के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की इसी भावना का मूर्त रूप है।

अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस एवं मानवाधिकार आयोग के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त नागरिकों को शुभकामना और बधाई देता हूँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 014357 (Home)D. 2024-25